तापमान
अधिकतम 30.4 डिग्री
न्यूनतम 25.3 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 3 जुलाई 2025

[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया ]



राजेन्द्र नगर चौक पर पेड़ों की छंटाई करते विद्युत मंडल कर्मी।

## खबर संक्षेप

### बलौदा समपार आवश्यक रखरखाव हेतु आज बंद



**बिलासपुर।** बलौदा समपार आवश्यक रखरखाव करने के लिए गुरुवार को बंद रखने का निर्णय लिया गया है। रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर डिवीजन के नैला और अकलतरा स्टेशन के बीच स्थित समपार बलौदा फाटक को 3 जुलाई गुरुवार की रात 10 बजे से 4 जुलाई शुक्रवार की सुबह 4 बजे तक और 4 जुलाई शुक्रवार की रात 10 बजे से 5 जुलाई शनिवार की सुबह 6 बजे तक, 5 जुलाई शनिवार की रात 10 बजे से 6 जुलाई रविवार की सुबह 8 बजे तक रेल लाइन मरम्मत कार्य के लिए सड़क यातायात हेतु बंद करने का निर्णय लिया गया है। समपार पर मरम्मत कार्य के दौरान यातायात के लिए वैकल्पिक व्यवस्था पास में स्थित सबवे रेल अंडरब्रिज से उपलब्ध होगी।

### दुर्ग से पटना चार फेरे के लिए चलेगी स्पेशल ट्रेन 6 से



**बिलासपुर।** रेल प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा को सुगम बनाने के लिए दुर्ग से पटना के बीच एक साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह स्पेशल ट्रेन 08795 नंबर के साथ दुर्ग-पटना साप्ताहिक स्पेशल बनकर प्रति रविवार 6, 13, 20, 27 जुलाई को और विपरीत दिशा में ट्रेन संख्या 08796 पटना-दुर्ग साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन पटना से प्रति सोमवार को 7, 14, 21, 28 जुलाई को चलाई जाएगी। ट्रेन दुर्ग से 13.15 बजे रवाना होकर रायपुर, भाटापारा होकर बिलासपुर दोपहर 15.55 बजे होते हुए पटना दूसरे दिन 15.30 बजे पहुंचेगी। वहीं पटना से 17.15 बजे रवाना होकर दूसरे दिन 16.50 बजे रायगढ़, चांपा होते हुए बिलासपुर शाम 19.05 बजे पहुंचा करेगी। ट्रेन में दो कोच एसी थ्री के, 13 स्लीपर कोच, चार सामान्य कोच, दो एसएलआरडी सहित 21 कोच के साथ 1008 बर्थ रेल यात्रियों के लिए उपलब्ध रहेंगे।

### जिले में 28 हजार हेक्टेयर में हुई धान की बोनी



**बिलासपुर।** बारिश की हालत जिले में चाहे जैसी भी हो, लेकिन छिड़काव पद्धति से धान की बोनी करने वालों ने बाजी मार ली है। बीते दिनों जिले में, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में हुई बारिश के बाद किसानों ने छिड़काव पद्धति से अपने खेतों में धान की बोनी पूरी कर ली। माना यह भी जा रहा है कि इस साल ऐसे किसान जो अपने खेतों में रोपा पद्धति से धान की बोनी करते थे, उन्होंने भी छिड़काव पद्धति से बोनी की है। कृषि विभाग से मिली जानकारी के अनुसार आज की स्थिति में जिले में 28 हजार हेक्टेयर रकबे में किसानों ने धान की बोनी पूरी कर ली है। ट्यूबवेल वाले किसान धान का रोपा लगाने लगे है। डीडीए के पीडी हथेश्वर ने बताया कि जिले में धान की बोनी करीब 28 हजार हेक्टेयर में की जा चुकी है। छिड़काव पद्धति से बोनी करने वाले किसानों के लिए अब तक हुई बारिश पर्याप्त है। रोपा पद्धति से बोनी करने वालों को फिलहाल तेज बारिश का इंतजार करना होगा।

# रामसेतु पर लड़ पड़े भाजपाई, विरोध के कारण रुका काम

## शिलालेख पर नाम छपवाने और श्रेय लेने की होड़, अयोध्या की तर्ज पर होना है पूरा काम, आपस में उलझ रहे हैं निगम के एमआईसी मेंबर

अलग खबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अरपा पुल पर बन रहे रामसेतु का काम विवादों के कारण रुक गया है। पिछली एमआईसी में इस प्रस्ताव को विचारणीय की श्रेणी में रखा दिया गया था। जानकारी के मुताबिक पूरा मामला अरपा पुल पर लगे शिलालेख में अपना नाम अंकित कराने के साथ ही टेंडर खोलने का है। इसके साथ ही भाजपाइयों में इस काम का श्रेय लेने की भी होड़ है। दरअसल नए रिवर व्यू की तरफ जहां रामसेतु बनाने की बात है उसमें एक तरफ का वार्ड सभापति विनोद सोनी और दूसरी तरफ बबलू कश्यप का है। रामसेतु में लेकिन जो शिलालेख लगा है उसमें सरकंडा क्षेत्र के पार्षद विजय ताम्रकार का नाम अंकित है। एमआईसी में इसे लेकर जमकर हंगामा भी मचा और 2.63 करोड़ रुपए के इस टेंडर को फिलहाल होल्ड पर डाल दिया गया है।

ज्ञात हो कि 15 जनवरी को रामसेतु के सौंदर्यीकरण के लिए राज्य सरकार ने 2 करोड़ 63 लाख 13 हजार की मंजूरी दी थी। अब यहां अयोध्या की तर्ज पर प्रवेश द्वार बनेगा। लाइटों से पुल जगमग होगा। पिल्लेवार एसोसिएट ने इसका डीपीआर तैयार कर लिया है। आचार संहिता के पहले टेंडर किए जाने की बात हो रही थी, लेकिन इस कार्य के लिए टेंडर जारी नहीं किया जा सका था। ज्ञात हो कि एक करोड़ रुपए से अधिक के टेंडर और कामों के लिए एमआईसी से प्रस्ताव पास किया जाना जरूरी है। इसलिए रामसेतु के काम और पूरे टेंडर को निगम की एमआईसी में रखा गया था। उस दौरान एमआईसी मेंबर और पीडब्ल्यूडी प्रभारी बंधू मौर्य ने टेंडर और उन्हें जानकारी नहीं दिए जाने की बात कहते हुए इसका विरोध किया। सभापति विनोद सोनी की ओर से कहा गया है उनके वार्ड में रामसेतू बन रहा है तो शिलालेख पट्टिका में उनका नाम होना चाहिए। विवादों को देखते हुए रामसेतु के कार्यों के प्रस्ताव पर मुहर नहीं लग सकी और इसे रोक दिया गया।






■ पुल पर बनेंगे 14 धार्मिक स्टेच्यू, रामायण और हनुमान चालीसा के श्लोक भी लिखे जाएंगे

### दोनों तरफ प्रवेश द्वार बनाया जाएगा

गौरतलब है कि जो डीपीआर बना है उसके मुताबिक रामसेतु में दोनों तरफ प्रवेश द्वार बनाया जाएगा। एक तरफ मेट्रो स्टूडियो के पास और दूसरी तरफ अरपापार के पास यह द्वार होगा। बीच में अमृत मिशन की जो पाइप डली है उसे एमएससीट से कवर कर दिया जाएगा। इस पाइप को लेजर से काटकर इसमें लाइटिंग लगाई जाएगी। पुल के बीच में 15 के करीब धार्मिक स्टेचू भी बनाएं जाएंगे। इसके साथ ही पुल की दिवारों पर रामायण और हनुमान चालिसा की चौपाई के श्लोक लिखे जाएंगे। इसके साथ ही पुल के नीचे फसाट लाइटिंग लगेगी। इससे जब अरपा में पानी रहेगा तो उसका प्रतिबिंब शानदार दिखाई देगा।

### कोई विवाद नहीं

रामसेतु के सौंदर्यीकरण के लिए राज्य सरकार ने 2 करोड़ 63 लाख 13 हजार की मंजूरी दी है। यहां अयोध्या की तर्ज पर प्रवेश द्वार बनेगा तो लाइटों से पुल जगमग होगा। पिल्लेवार एसोसिएट ने इसका डीपीआर तैयार कर लिया है। अगली होने वाली एमआईसी में इस प्रस्ताव को पास कर दिया जाएगा। विवादों जैसी कोई बात नहीं है।

- **पूजा विधानी,** महापौर

### नाम अंकित होना चाहिए

किसी तरह की आपत्ति या विवाद की बात नहीं है फिर भी जहां रामसेतु बन रहा और सारे काम हो रहे हैं वह मेरे और बबलू कश्यप के वार्ड में आता है। यदि कोई पट्टिका या शिलालेख लग रही है तो उसमें नाम अंकित होना चाहिए। अगली एमआईसी में सभी सदस्यों से चर्चा करते हुए इसे पास कराया जाएगा।

- **विनोद सोनी,** सभापति

### नाम जोड़ दिया जाएगा

रामसेतु बनाने का प्रस्ताव कांग्रेस शासनकाल में बना और जूझकर उसे पास कराया गया था। उस दौरान किसी ने कोई आपत्ति नहीं की। अभी की बात है तो सभापति का पूरा सम्मान है और पट्टिका में उनका नाम जुड़ जाएगा। राम के नाम पर कोई विवाद कभी नहीं रहा। इस काम को जल्द शुरू कराते हुए पूरा कराया जाएगा।

- **विजय ताम्रकार,** एमआईसी मेंबर

### बिना जानकारी वर्क आर्डर जारी न करें

शहर में रामसेतु बनाने के अलावा और भी जनहित के कई काम है जिसमें राशि खर्च की जा सकती है। इसलिए ही इसे फिलहाल रोक दिया गया है। ढाई करोड़ रुपए में शहर में सड़क और नाली के कई काम किए जा सकते हैं। इससे शहरवासियों को राहत भी मिलेगी। निगम कमिश्नर को इस बारे में पत्र भी लिखा गया है कि बिना मेरी जानकारी के रामसेतु के काम के लिए कोई वर्क आर्डर जारी नहीं किया जाए।

- **बंधू मौर्य,** एमआईसी मेंबर

## 10 से अधिक बड़े नाले-नालियां बने फिर भी स्थायी समाधान नहीं

# 5 सालों में 30 करोड़ खर्च, इसके बाद भी 20 से अधिक जगहों पर हर साल भरता है पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पिछले पांच सालों में 30 करोड़ रुपए से अधिक खर्च करने के बाद भी शहर में जलभराव की समस्या का हल नहीं निकाला जा सका है। थोड़ी सी बारिश में शहर के 25 से अधिक जगहों में पानी भर जाता है और लोगों को समस्या होती है। मंगलवार और बुधवार को भी वही हुआ। दोनों दिन शाम को हुई बारिश ने एक बार फिर निगम की तैयारियों की पोल खोलकर रख दी है। सड़कों पर पानी भरने के कारण शाम को आफिस से छूटने वाले और बाजार जाने वाले लोगों को काफी परेशानी हुई।

■ इस साल भी समस्या का हल नहीं

हर साल की तरह इस बार भी शहर की सड़कों पर पानी भर रहा है। पिछले पांच सालों में निगम ने जल निकासी सुधारने के लिए 30 करोड़ रुपए से अधिक खर्च किए। जहां पानी भरता था, ऐसे इलाकों में 20 फीट चौड़े नाले बने, लेकिन हालत नहीं सुधर सके। हाल यह है कि कई जगहों पर नाले बने ही नहीं है और काम अधूरा है। अधिकांश जगहों पर निगम सफाई नहीं करा सका है तो कई जगहों पर फ्लो सिस्टम ठीक नहीं है। इसलिए तेज बारिश के बाद पानी निकलने में समय लगता है।

### नालों का ओवरफ्लो होना बड़ी वजह

तेज बारिश होने पर शहर के चौक-चौराहों और निचले इलाकों में पानी भरने की असली वजह नालों का ओवरफ्लो होना है। एक नाले पर कई छोटे नालों का पानी आता है। ऐसे में नाला ओवरफ्लो हो जाता है और पानी सड़कों पर भरने लगता है। निकासी की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने की वजह से हर बार जलभराव होता है। बुधवार को हुई बारिश के बाद पुराना बस स्टैंड की सड़क पर पानी भर गया। ये स्थिति यहां हर साल बनती है। दरअसल नाले का ओवर फ्लो कितना होना चाहिए, ढाल का पैमाना क्या होना चाहिए, इस पर निगम अधिकारियों ने कभी ध्यान ध्यान नहीं दिया। बस नाला बनाना है तो बना दिया।

### बड़े नाले बनते रहे, समाधान नहीं निकल सका

पानी निकासी के लिए हर साल बड़े नाले बनते रहे लेकिन समस्या का समाधान नहीं निकाला जा सका। पुराना द्वीप होटल से करबला होते हुए जवाली नाले तक 20 फीट चौड़ा नाला बना, लेकिन सिहारे अस्पताल से पुराना बस स्टैंड के बीच का 6 फीट पुराना नाला जस का तस छोड़ दिया गया। हाल यह है कि पुराना बस स्टैंड के पास हर साल पानी लबालब भरता है। दरअसल कई इलाकों का पानी एक पतले नाले में जाता है। इसी तरह 5 करोड़ रुपए में बिरकोना से कोनी होते हुए नाला बनाया जा रहा है। इसे सीधे एसटीपी के पास जोड़ा गया है। इससे राहत मिलने की बात कही जा रही है। पानी की निकासी पहले से तेज, लेकिन समस्या अभी भी है। कारण: बिरकोना की तरफ से पानी बस्ती में आ रहा है।

### काम शुरू कराया गया

बरसात को देखते हुए ही इस साल नाले नालियों की सफाई का काम पहले शुरू कर दिया गया था। कुछ नए नाले भी बनाए जा रहे हैं। इसी कारण पहले के सालों की तुलना में इस साल कम पानी भर रहा है। जहां जलभराव होता भी है वहां पानी जल्दी निकल जा रहा है।

- **पूजा विधानी**
महापौर



नशे में खतरनाक तरीके से चला रहा था ड्राइवर

# कार चलाकर कई वाहनों को मारी टक्कर, महिला बाल-बाल बची

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोचिंग सेंटर संचालक के ड्राइवर ने नशे में खतरनाक तरीके से कार चलाते हुए गली में खड़े कई वाहनों को टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। वहीं कार की चपेट में आने से एक महिला बाल बाल बच गई। सोशल मीडिया में हादसे का वीडियो जोरों से वायरल हो रहा है।

बुधवार को सोशल मीडिया में खतरनाक तरीके से गाड़ी चलाकर वाहनों को टक्कर मारने का वीडियों जोरो से वायरल हो रहा है। बताया जाता है वीडियो जूना बिलासपुर साव गली का है। मोहल्ले में एक कोचिंग संचालक का रामप्यारे नामक ड्राइवर नशे में गली के अंदर खतरनाक तरीके से बेलगाम तेज रफ्तार से वाहन दौड़ाते हुए गली में लोगों के घरों के सामने खड़े स्कूटी, बाइक, आटो को टक्कर मारते हुए रौंद दिया। इस दौरान एक गर्भवती महिला उस ओर से गुजर रही थी, जो कार की चपेट में आने से बाल बाल बच गई। वीडियो में कार मालिक महिला ड्राइवर को बाल खींचकर मारपीट करते नजर आ रही है। हादसे के दौरान मोहल्ले में चहल पहल बच्चे खेलते रहते तो बड़ा हादसा हो सकता था। इतना बड़ा हादसा हो गया और कई वाहन क्षतिगस्त हो गए, उसके बाद भी किसी ने थाने में रिपोर्ट नहीं लिखाई है।



ड्राइवर की पिटाई करती महिला।

### लगातार हो रहे हादसे में

शराब पीकर गाड़ी चलाने से लगातार हादसे हो रहे हैं और लोगों की जान जा रही है। इधर पुलिस लगातार शहर के प्रमुख चौक चौराहे पर सघन वाहन जांच अभियान चलाकर शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों के खिलाफ एमव्ही एक्ट के तहत कार्रवाई कर मामला कोर्ट में पेश कर रही है। उसके बाद भी लोग शराब पीकर गाड़ी चलाकर लोगों की जान से खिलवाड़ करने में लगे हुए हैं।

### कार्रवाई की जाएगी

वीडियो के माध्यम से हादसे की जानकारी मिली है। उसे संज्ञान में लेकर वाहन मालिक व ड्राइवर की तलाश की जा रही है। पकड़े जाने पर दोनों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। किसी ने भी हादसे की रिपोर्ट नहीं लिखाई है।

- **विवेक पाण्डेय,** कोतवाली टीआई

# छाई रही काली घटाएं, होती रही रिमझिम बारिश

**बिलासपुर।** आसमान में सुबह से छाए काले बादलों को देखकर बुधवार को शहर में भारी बारिश होने की उम्मीद की जा रही थी। इंतजार में पूरा दिन निकल गया और शहर के हिस्से में केवल रिमझिम फुहारें ही आई। शाम छह बजे के आसपास बादलों की गर्जना के साथ बारिश शुरू तो हुई, लेकिन यह बारिश भी कुछ ही देर में शांत पड़ गई। बीते दस साल में इस साल बारिश का आंकड़ा सबसे कम दर्ज किया गया है।

मानसून का आगमन हुए पंद्रह दिन से भी अधिक हो चुके हैं, लेकिन मानसूनी बारिश का असर अब तक नजर नहीं आया है। शहर में बुधवार को सुबह से आसमान में काले बादल छाए रहे व हल्की बूंदाबांदी भी होती रही। काले बादलों को देखकर तेज बारिश की उम्मीद की जा रही थी, लेकिन पूरे दिन बूंदाबांदी का ही सिलसिला चलता रहा। इधर शाम छह बजे के आसपास आसमान में छाए काले बादलों व बादलों की गर्जना सुनकर तेज बारिश की उम्मींद फिर होने लगी थी, लेकिन इस बार भी बारिश केवल बूंदाबांदी तक ही सीमित रही और कुछ देर की बूंदाबांदी के बाद मामला शांत पड़ गया। मौसम विभाग के अनुसार बीते दस साल का औसत देखा जाए तो इस वर्ष आज दिनांक तक हुई बारिश सबसे कम है।





बीते दस सालों में सबसे कम बारिश

## वित्तीय वर्ष 2025-26 की वार्षिक कार्ययोजना का किया गया अनुमोदन

# डीएमएफ : सौ करोड़ की कार्ययोजना अनुमोदित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिला खनिज न्यास शासी परिषद की बैठक बुधवार को मंथन सभागार में आयोजित की गई। बैठक में सांसद सहित जिले के सभी विधायकों की उपस्थिति में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए सौ करोड़ रूपए की वार्षिक कार्ययोजना का अनुमोदन किया गया। इसके अंतर्गत हेल्थ के लिए सर्वाधित 20 करोड़ व एजुकेशन हब के लिए पंद्रह करोड़ रूपए का अनुमोदन किया गया।

■ हेल्थ के लिए सर्वाधिक 20 करोड़

जिला खनिज संस्थान न्यास की शासी परिषद की बैठक कलेक्टर संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में बुधवार को मंथन सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 100 करोड़ रूपए से ज्यादा राशि की नवीन वार्षिक कार्य-योजना का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया। बैठक में बिलासपुर सहित संपूर्ण जिले के विकास के लिए प्रस्तुत प्रस्तावों पर विस्तृत चर्चा कर अनुमोदन दिया गया।

ज्ञात हो कि डीएमएफ के अंतर्गत आमतौर पर वे कार्य लिए जाते हैं, जो शासन की किसी योजना अथवा कार्यक्रम में प्रमुखता से शामिल नहीं किए गए होते हैं, लेकिन स्थानीय प्राथमिकताओं व जरूरतों को ध्यान में रखते हुए उन कार्यों को मूर्त रूप देना आवश्यक होता है।

बैठक में प्रमुख रूप से केन्द्रीय राज्यमंत्री एवं सांसद तोखन साहू सहित विधायक धरमलाल कौशिक, धर्मजीत सिंह, सुशांत शुक्ला, दिलीप लहरिया, अटल श्रीवास्तव, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी सहित शासी परिषद के सदस्य एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

### इन कार्यों के लिए अनुमोदन

बैठक में प्रमुख रूप से बिलासपुर में एजुकेशन हब विकसित करने के लिए 15 करोड़ रूपए, गोकने नाला पर पुल निर्माण के लिए 3.29 करोड़, सभी जोन एरिया में वेन्डिंग जोन सहित आंगनबाड़ी भवन के लिए 3.50 करोड़, पंचायत के लिए 3 करोड़, दिव्यांग जनों के कौशल विकास एवं अन्य कार्यों के लिए 3 करोड़, हेल्थ सेक्टर के लिए 20 करोड़, पेयजल मद के लिए 4 करोड़ एवं पर्यटन विकास के लिए 5 करोड़ प्रमुख रूप से शामिल हैं। बैठक में शासी परिषद से अनुमोदन की प्रत्याशा में पूर्व में स्वीकृत लगभग डेढ़ करोड़ के 7 कार्यों का अनुमोदन किया गया।

### कार्ययोजना का अनुमोदन

बैठक में डीएमएफ के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए सौ करोड़ रूपए की कार्ययोजना पर अनुमोदन हुआ है। इसके साथ ही पहले स्वीकृत ऐसे पुराने कार्य जो आज दिनांक तक अप्रारंभ हैं, उन्हें निरस्त करने संबंधी विषय पर भी चर्चा की गई है। निरस्त करने से पहले यह भी देखना आवश्यक होगा कि कार्य किन परिस्थितियों में प्रारंभ नहीं हो सका। इसके साथ ही यदि वह कार्य अति आवश्यक है तो निरस्त करने के पूर्व उस पर पुनर्विचार भी किया जाएगा।

- **संजय अग्रवाल,** कलेक्टर

### पुराने स्वीकृत, लेकिन अप्रारंभ कार्य होंगे निरस्त

खनिज न्यास शासी परिषद की बैठक में पुराने वर्षों में स्वीकृत किए गए कार्यों पर भी चर्चा की गई। इस दौरान निर्णय लिया गया कि ऐसे कार्य जो स्वीकृत तो किए गए हैं, लेकिन आज दिनांक तक किसी ना किसी कारण से प्रारंभ नहीं किए जा सके हैं। ऐसी हालत में उन सभी कार्यों को निरस्त किया जाएगा और संबंधित विभागों से राशि वापस मांगी जाएगी। जिले में ऐसे कार्यों की संख्या कितनी है इसके लिए विभागों से जानकारी मंगाई जाएगी, वहीं कार्य किन परिस्थितियों में आज दिनांक तक अप्रारंभ रहा इसकी समीक्षा भी की जाएगी।

# वन विभाग ने 30 एकड़ में किए गए अवैध कब्जे को हटाया

**बिलासपुर।** वन विभाग की खाली जमीन पर अतिक्रमण कर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए करीब 30 एकड़ में बने अवैध कब्जे को विभागीय टीम ने खाली कराने की कार्रवाई की है। समीक्षा बैठक के दौरान बिलासपुर वन वृत्त में पहुंची वन मंडल मुंगेली के डीएफओ अभिनव कुमार ने बताया कि वन भूमि में अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी गई है। वन भूमि की सुरक्षा को लेकर अतिक्रमण हटाने का लगातार काम चल रहा है। इस दौरान करीब तीन एकड़ वन भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया है। उन्होंने बताया कि मुंगेली वन मंडल के क्षेत्र में अचानकमार टाइगर रिजर्व के विस्थापित गांव के रहने वालों को स्थानांतरण किया जा रहा है, जिसके लिए भी



काम शुरु कर दिया गया है। इस दौरान सूचना मिली थी कि कक्ष क्रमांक 1525 में 30 एकड़ क्षेत्रफल में अतिक्रमण कर लिया गया है, जिसे जिला और पुलिस प्रशासन के सहयोग से हटाया गया है। श्री कुमार ने बताया कि वन विभाग की यह सख्त कार्रवाई न केवल वन क्षेत्र की रक्षा के लिए आवश्यक है, बल्कि यह भविष्य में होने वाले अतिक्रमण के प्रयासों को भी रोकने में सहायक साबित होगी। विभाग का कहना है कि आगे भी ऐसे संवेदनशील क्षेत्रों पर निगरानी रखते हुए सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### टिकिट चेकिंग और पार्सल कार्यालय का स्टाफ सम्मानित

**बिलासपुर।** जोन मुख्यालय के प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक प्रवीण पाण्डेय ने टिकिट चेकिंग और पार्सल कार्यालय के स्टाफ को सम्मानित किया है। उच्चाधिकारियों के आदेश पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के पार्सल कार्यालय में 100 फीसदी डिजिटल लेनदेन सफलतापूर्वक संपन्न हो रहा है। वहीं ट्रेनों में कार्यरत टीटीई अपने हैंड हेल्ड टर्मिनल के माध्यम से 40 फीसदी तक भुगतान क्यूआर कोड से और डिजिटल माध्यम से स्वीकार कर रहे हैं। इस उत्कृष्ट उपलब्धि को संभव बनाने में सहयोग देने वाले कर्मचारियों को प्रोत्साहन एवं सम्मान प्रदान करने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर, रायपुर और नागपुर मंडल के चुनिंदा पार्सल एवं टिकिट चेकिंग स्टाफ को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर प्रवीण पाण्डेय ने कहा कि हमारी जिम्मेदारी है कि हम प्रत्येक स्टाफ एवं प्रति यात्री को डिजिटल प्रणाली से जोड़ें और इसे सुगम बनाएं।

### सेवानिवृत्त रेल कर्मचारियों को दी गई विदाई

**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के विभिन्न विभागों में कार्यरत 52 रेल कर्मचारियों को सेवानिवृत्त होने पर विदाई दी गई। मंडल कार्मिक सभाकक्ष में आयोजित सम्मान समारोह में मंडल कार्मिक अधिकारी रूहिना तुफैल खान ने सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को बंदोबस्त भुगतान से संबंधित समस्त दस्तावेज, सेवा प्रशस्ति प्रमाण पत्र, सेवा मैडल प्रदान किया। इस दौरान मुख्य कार्यालय अधीक्षक आईटी सेवक रजक ने कर्मचारियों को उम्मीद कार्ड मेडिकल व बंदोबस्त से संबंधित नियमों से अवगत कराया। सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों में परिचालन विभाग से 14, इंजीनियर विभाग से 10, विद्युत विभाग से 11, यांत्रिक विभागसे 3, चिकित्सा विभाग से 3, कार्मिक विभाग से एक, सिग्नल एवं दूरसंचार विभाग से चार और वाणिज्य विभाग से 6 कर्मचारी शामिल हैं।

### स्व. किशोर कुमार के जन्मदिन पर गायन प्रतियोगिता कल

**बिलासपुर।** प्रसिद्ध गायक स्वर्गीय किशोर कुमार के जन्मदिन के अवसर पर गायन प्रतियोगिता का भव्य आयोजन होने जा रहा है,जहां प्रतिभागी अपनी गायन प्रतिभा को मंच पर प्रदर्शित कर सकेंगे।



जिसका स्वर प्रशिक्षण शुक्रवार को शाम 4 बजे से रात्रि 8 बजे तक रामा मैग्नेटो मॉल में होगा। स्पर्धा में भाग लेने आयु सीमा 18 वर्ष या उसके ऊपर की होगी। प्रतियोगिता में मोहम्मद रफी, मुकेश, किशोर कुमार, लता, बप्पी लहरी, आशा के गाए हुए गीतों की प्रस्तुति होगी। इस कार्यक्रम में मुदलियार, बबलू गंधर्व, अमन कुलपहाड़ी, आशीष कीसोरियां, भूपेंद्र मनहरे, संतोष वर्मा, अमित शर्मा सहित आयोजक है। आयोजन समिति द्वारा इस तरह की गायन प्रतियोगिता आयोजित कर शहर के प्रतिभाशाली कलाकारों को अवसर देते आ रहा है।

**आम जनता में खासा उत्साह** | **आटोमेटेड मोड में रजिस्ट्री का दिखने लगा असर**

# डेढ़ महीने में 24 सौ रजिस्ट्री, 22 सौ में तुरंत नामांतरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आटोमेटेड मोड में रजिस्ट्री का अब जिले में असर दिखाई पड़ने लगा है। जिले में डेढ़ महीने के भीतर 24 सौ रजिस्ट्री हुई हैं, जिनमें 22 सौ मामलों में तुरंत नए मालिकों के नाम पर संपत्ति का नामांतरण किया गया है। नई व्यवस्था को लेकर आम जनता में खासा उत्साह है। अब राजस्व विभाग के चक्कर लगाए बगैर ही उनकी संपत्ति का नामांतरण उनके नाम पर तत्काल होने लगा है।

प्रदेश सरकार द्वारा लागू की गई नई व्यवस्था के अंतर्गत अचल संपत्तियों के पंजीयन के दिन ही नए संपत्ति मालिकों के नाम पर संपत्ति का नामांतरण किया जाना है। प्रदेश में वैसे तो इस व्यवस्था की शुरूआत मई के प्रारंभिक सप्ताह में ही हो गई थी। प्रारंभिक अवस्था में इसे पायलट प्रोजेक्ट के अंतर्गत नया रायपुर, आरंग व बलौदा बाजार से किया गया था। बिलासपुर जिले में आटोमेटेड मोड में रजिस्ट्री की शुरूआत 20 मई से की गई। रजिस्ट्री विभाग के अनुसार 20 मई से आज दिनांक तक जिले में कुल 24 सौ पंजीयन हुए हैं। इसके अंतर्गत 22 सौ मामलों में संपत्ति का नामांतरण तत्काल नए मालिकों के नाम पर किया गया है। इसी तरह दो सौ विभिन्न मामलों में प्रकरण तहसीलदारों के पोर्टल में भेजे गए हैं। इनका निराकरण कर नामांतकरण की प्रक्रिया पूर्ण कराई जाएगी।



#### नामांतरण के लिए लगाने पड़ते थे चक्कर

पुरानी व्यवस्था के अनुसार लोगों को नई संपत्ति का पंजीयन कराने के बाद अपने नाम पर नामांतरण कराने में छह-छह महीने से भी ज्यादा का समय लग जाता था। नामांतरण के लिए आवेदन देने के बाद पटवारी द्वारा पंजीयन के एक महीने बाद अखबार में सूचना प्रकाशन कराने के बाद तहसीलदार को प्रकरण प्रस्तुत किया जाता था। इतना ही नहीं, बल्कि इस काम के लिए संपत्ति मालिक से पहले मोटी रकम एडवांस में ले ली जाती थी। इसके बाद ही संबंधित को नामांतरण के पश्चात उसके नाम के बी-वन की नकल उपलब्ध कराई जाती थी।

#### आसानी से हो रही रजिस्ट्री

आटोमेटेड मोड में अब आसानी से रजिस्ट्री होने लगी है। पिछले डेढ़ महीनों में यहां करीब 24 सौ रजिस्ट्रियां हुई हैं, जिनमें 22 सौ में तत्काल नए मालिकों के नाम पर नामांतरण किया गया है।

-आरके स्वर्णकार
जिला पंजीयक बिलासपुर

**अफसरों की बैठक लेकर कार्य-योजना बनाने दिए निर्देश**

# बिलासपुर में पर्यटन विकास की है काफी संभावनाएं: तोखन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

केन्द्रीय शहरी विकास राज्यमंत्री तोखन साहू ने कहा है कि बिलासपुर जिले में पर्यटन विकास की अपार संभावनाएं मौजूद हैं। अब तक पर्यटन विकास के संबंध में अधिक काम नहीं हो पाया है।

- एनटीपीसी, एसईसीएल की मदद से लुभावने बनेगें पर्यटन स्थल

उन्होंने कहा कि बिलासपुर, रतनपुर, खूंटाघाट, खुड़िया जलाशय, अचानकमार टाईगर रिजर्व, अमरकंटक आदि को मिलाकर एक टूरिस्ट सर्किट विकसित किया जाएगा। एनटीपीसी, एसईसीएल, अडानी फाउंडेशन एवं अन्य बड़ी संस्थानों के सहयोग से इन केन्द्रों का उच्च स्तरीय विकास किया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा निजी कन्सल्टेन्ट की मदद से इसके लिए डीपीआर तैयार किया जा रहा है। श्री साहू ने आज मंथन सभाकक्ष में स्थानीय विधायकों की मौजूदगी में अधिकारियों और कम्पनी प्रबंधन की संयुक्त बैठक लेकर विचार-विमर्श किया और दिशा-निर्देश दिए। बैठक में विधायक धर्मजीत सिंह, सुशांत शुक्ला, दिलीप लहरिया, अटल श्रीवास्तव, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, कलेक्टर संजय अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल आदि मौजूद थे। बैठक में श्री साहू ने कहा कि बिलासपुर छत्तीसगढ़ के मध्य में स्थित है। बड़ी संख्या में लोगों का यहां से होकर आना-जाना लगा रहता है। यहां पर्यटन केन्द्र और घुमने फिरने के पर्याप्त स्थल मौजूद हैं, लेकिन समुचित सुविधा एवं प्रचार-प्रसार के अभाव में लोगों को इनकी जानकारी नहीं है। उन्होंने इस कार्य में एनटीपीसी, एसईसीएल एवं अडानी फाउण्डेशन को मदद करने की अपील भी की। उन्होंने कहा कि डीपीआर तैयार हो जाने पर उन्हें कुछ केन्द्रों के विकास की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। कम्पनी प्रबंधन ने इसके लिए सहमति जताई। श्री साहू ने कहा कि केन्द्र सरकार की प्रसाद योजना का लाभ भी इस परियाजना में लिया जाएगा।




अफसरों से चर्चा करते केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू।

#### पर्यटकों के ठहरने की व्यवस्था की जा रही : कलेक्टर

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि एक महीने के भीतर डीपीआर तैयार हो जाएगी। इसके बाद कम्पनियों को कार्य आवंटित किया जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि यहां आने वाले पर्यटक के दो-तीन दिन ठहरने योग्य व्यवस्था की जा रही है। अचानकमार टाईगर रिजर्व लगभग 1 हजार वर्ग किमी में फैला है। इसमें प्रवेश के लिए खुड़िया के अलावा केंवची एवं शिवतराई से होकर जाते हैं। उन्होंने कहा कि लोगों की आमदनी बढ़ रही हैं। पर्यटकों के ठहरने एवं खाने पीने की अच्छी व्यवस्था किया जाए तो ज्यादा से ज्यादा लोग यहां आएंगे। इसका लाभ हमारे लोगों और जिले को होगा। जिले के बैगा बहुल इलाकों में होम स्टे की व्यवस्था भी की जा सकती है। ट्राईबल संस्कृति एवं ट्री विलेज का कांसेप्ट भी लोकप्रिय हो रहा है। पर्यटन सर्किट के निर्माण से सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के साथ ही स्थानीय लोगों को रोजगार भी मिल सकेगा।



#### तोखन ने दो श्रमिक महिलाओं को सौंपी ई-रिक्शा की चाबी

केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने आज जिला कार्यालय परिसर में शहर की दो श्रमिक महिलाओं को ई-रिक्शा की चाबी सौंपी। श्रम विभाग की दीदी ई-रिक्शा सहायता योजना के अंतर्गत सुनीता गोंड एवं चित्ररेखा देवांगन को चाबी सौंपकर शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विधायक धर्मजीत सिंह, सुशांत शुक्ला, दिलीप लहरिया, अटल श्रीवास्तव, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, कलेक्टर संजय अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल आदि मौजूद थे।

## राज्य अधिवक्ता परिषद चुनाव 2025 की तिथि परिवर्तन की मांग



तिथि परिवर्तन को लेकर ज्ञापन सौंपते छग राज्य अधिवक्ता परिषद के सदस्य।

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य अधिवक्ता परिषद चुनाव 2025 की तिथि 30 सितम्बर 2025 निर्धारित की गई है, जो कि दुर्गा अष्टमी जैसे पावन पर्व के दिन पड़ रहा है। इस संदर्भ में प्रदेशभर के अधिवक्ताओं ने आपति दर्ज करते हुए तिथि परिवर्तन की मांग की है।

आज भरत लोनिया के नेतृत्व में अधिवक्ताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने छग उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश एवं राज्य अधिवक्ता परिषद निर्वाचन समिति एवं महाधिवक्ता को ज्ञापन सौंपा। इसमें अनुरोध किया गया कि चुनाव की तिथि को धार्मिक पर्व के कारण या तो उसके पूर्व या उसके पश्चात की किसी उपयुक्त तिथि पर पुनर्निधारित किया जाए, ताकि अधिवक्ता बिना किसी बाधा के अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। श्री लोनिया और अन्य अधिवक्ताओं ने मुख्य न्यायाधीश को धन्यवाद भी दिया कि लगभग दस वर्षों के अंतराल के बाद यह चुनाव संभव हो पाया है। यह केवल उनके मार्गदर्शन एवं सकारात्मक पहल के कारण ही सम्भव हो सका है। अधिवक्ताओं ने आशा जताई है कि न्यायपालिका और निर्वाचन आयोग इस संवेदनशील विषय पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेकर चुनाव तिथि में आवश्यक परिवर्तन करेंगे। इस अवसर पर विनोद श्रीवास्तव, लक्ष्मीकांत पांडे, संजय क्षत्रीय, टी एन दुबे राकेश कश्यप, अभिषेक केशरवानी, नितिन त्रिवेदी, जोतिंद्र उपाध्याय, श्रीम केशरवानी, उपाध्यक्ष वीणा शुक्ला मोनू रजक पूजा लोनिया श्रुतिजा शाहिद आदि मौजूद थे। श्री लोनिया ने सभी अधिवक्ताओं एवं संगठनों से विनम्र अनुरोध किया है कि वे भी इस विषय में अपनी सहमति प्रदान करते हुए हस्ताक्षरित जापन चुनाव समिति को शीघ्र सौंपें।

## बिजनेस/एजुकेशन प्लस

### इलेक्ट्रॉनिक बाज़ार का स्थानांतरण

**बिलासपुर।** इलेक्ट्रॉनिक बाज़ार का स्थानांतरण अमेरी रोड सेंट फ्रांसिस स्कूल सामने हो गया है। सेना के ऑथोराइज़्ड कैंटीन डीलर इलेक्ट्रॉनिक बाजार का स्थानांतरण एवं मिलन समारोह 2 जुलाई को आयोजित किया गया। नए शोरूम का शुभारम्भ कैंटीन अफसर संदीप मुरारका ने किया।



इलेक्ट्रॉनिक बाज़ार अपने विश्वनीय इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों के लिए जाना जाता हैं, जहां अनेक इलेक्ट्रॉनिक ब्रांड्स उपलब्ध होते हैं। इलेक्ट्रॉनिक बाज़ार कई कारणों से ग्राहकों का पसंदीदा स्टोर हैं जैसे यहां सामान बाज़ार मूल्य की अपेक्षा कम और कैंटीन प्राइस में उपलब्ध है। यहां से इलेक्ट्रॉनिक गुड्स बजाज फाइनेंस द्वारा आसान किस्तों में लिया जा सकता है। साथ ही कई सारे कैशबैक ऑफर्स का लाभ भी उठाया जा सकता है। यह स्टोर अपने बेहतर क्वालिटी प्रोडक्ट्स और सर्वश्रेष्ठ सर्विस के लिए जाना जाता है। इलेक्ट्रॉनिक बाज़ार अब अपने नए पते - अमेरी रोड, सेंट फ्रांसिस स्कूल के सामने शिफ्ट हो चुका है। यहां सैमसंग, एलजी, ब्लू स्टार, हायर, वंडर शेफ, हैवल्स, यूरेका फोर्बेस, एच पी, टाटा स्काय और समर कूल आदि ब्रांड्स उपलब्ध हैं। कमांडर संदीप मुरारका भारतीय नौसेना के शिक्षा संवर्ग से सेवानिवृत्त भारतीय नौसेना अधिकारी हैं। वे पिछले 20 वर्षों से शिक्षा से जुड़े हैं। उन्होंने पिछले 20 वर्षों में शिक्षा से संबंधित विभिन्न नियुक्तियां की हैं। वह पूरे भारत में कई शैक्षणिक संस्थानों के लिए एक शिक्षा सलाहकार भी हैं। वर्तमान में वे बस्तर और बिलासपुर में निःशुल्क करियर परामर्श एवं मार्गदर्शन दे रहे हैं।

### अपना मार्ट के क्रेजी ट्यूज -डे ने जीता लोगों का दिल




**बिलासपुर।** अपना मार्ट ने एक बार फिर अपने खास डिश लोगों के सामने प्रस्तुत कर सैकड़ों लोगों का दिल जीत लिया। इसके डायरेक्टर ने बताया कि झारखंड, छत्तीसगढ़ और वेस्ट बंगाल में 600 से भी अधिक घरों में शाही टुकड़ा अपना मार्ट ने सैकड़ों लोगों के महीने की पहली तारीख को और भी खास बना दिया। उन्होंने बताया कि अपना मार्ट के क्रेजी ट्यूज -डे में हर हफ़्ते एक ख़ास डिश लाया जाता है। इस बार अपना मार्ट लाया है-शाही टुकड़ा, अपना मार्ट के 600 से ज़्यादा घरों में शाही टुकड़े से महीने की पहली तारीख को मुंह मीठा कराया। इस तरह क्रेजी ट्यूज डे ने एक बार फिर जीत लिया सैकड़ों लोगों का दिल।

### पार्षद व एमआईसी मेंबरों ने मनाया श्याम का जन्मदिन

**बिलासपुर।** वार्ड क्र. 63 के पार्षद एवं एमआईसी मेंबर व वार्डवासियों के प्रिय सुख-दुख के साथी श्याम साहू का जन्म दिन मनाया गया। इस अवसर पर मां महामाया रतनपुर गिरजा बंध हनुमान मंदिर में दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस खास मौके पर उनके साथ मित्र राजू राव मराठा, रोहित सोलंकी, प्रेम खैरवार, विकास श्रीवास गौतम साहू, प्रेम चावला, मनीष पटेल सभी मित्र शामिल हुए और दीर्घायु एवं उज्जवल भविष्य की कामना की।



### एलसीआईटी बना इंजीनियरिंग छात्रों की पहली पसंद

**बिलासपुर।** लख्मी चंद इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी आज बिलासपुर और पूरे छत्तीसगढ़ में इंजीनियरिंग छात्रों की पहली पसंद है। कॉलेज की उत्कृष्ट शिक्षा, इंडस्ट्री-फोकस्ड प्रोग्राम और प्रभावशाली प्लेसमेंट रिकॉर्ड इसकी पहचान को और मजबूत कर रही है।




एलसीआईटी बिलासपुर आईटी क्षेत्र में इंजीनियरिंग एडमिशन के लिए छात्रों की पहली पसंद बन गया है। हाल ही में प्रकाशित कॉलेज रैंकिंग में इसे बिलासपुर का सबसे लोकप्रिय निजी इंजीनियरिंग कॉलेज अंकित किया गया है। 2025-24 सीजी पीईटी सत्र में एलसीआईटी की कट-ऑफ रेंज 31.39 से 42.70 अंक रही, जिसमें कंप्यूटर साइंस, सिविल इंजीनियरिंगऔर इलेक्ट्रॉनिक्स में विशेष रुचि प्रदर्शित की गई। इसके अतिरिक्त, जेईइ मेन्स के आधार पर कंप्यूटर साइंस, इलेक्ट्रिकल और मैकेनिकल इंजीनियरिंग में भी कॉलेज ने 4,856–4,670 रैंक तक सीटें जारी कीं। छात्रों की वॉलंटियरी प्रतिक्रिया से स्पष्ट है कि एलसीआईटी को ना केवल अकादमिक उत्कृष्टता बल्कि कॉलेज जीवन का संतुलन बनाए रखने वाले माहौल के लिए भी सराहा गया है। प्लेसमेंट में एलसीआईटी ने बड़ी छलांग लगाई है। हाल ही में केंद्र सरकार की महारत्न कंपनी में छात्रों का चयन हुआ है। नामी कंपनियों में 200+ छात्रों का सफल प्लेसमेंट हुआ है। छात्रों को इंटरव्यू स्किल्स और करियर ग्रोथ की पूरी तैयारी करवाई जाती है। एलसीआईटी आज गुणवत्ता, अवसर और करियर गारंटी का भरोसेमंद नाम बन चुका है।

### महर्षि विद्या मंदिर मंगला में जन जागरण अभियान

**बिलासपुर।** महर्षि विद्या मंदिर मंगला में महर्षि आध्यात्मिक जन जागरण अभियान प्रारंभ हुआ। जिसकी शुरुआत गुरु परंपरा पूजन और हनुमान चालीसा के गायन से हुई। जिसमें विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों ने भाग लिया। नीलिमा शर्मा ने बताया विद्यार्थियों में पढ़ाई के साथ-साथ आध्यात्मिक उन्नति की आज बहुत आवश्यकता है। तभी विश्व शान्ति स्थापित हो सकती है।




### एरीना एनीमेशन ने शुरू की करियर एश्योरेंस योजना

**बिलासपुर।** शिक्षा संस्थान एरीना एनीमेशन बिलासपुर ने अपनी 28 वर्षों की निरंतर और सराहनीय शैक्षणिक यात्रा को नई दिशा प्रदान करते हुए युवाओं के लिए एक साथ तीन बड़ी और महत्वाकांक्षी पहल प्रारंभ की है। इसके डायरेक्टर ने बताया कि इन पहलों में करियर एश्योरेंस कार्यक्रम बैचलर ऑफ वोकेशन डिग्री कोर्स और क्रेडिट योर मेरिट छात्रवृत्ति योजना प्रमुख हैं। करियर एश्योरेंस कार्यक्रम के अंतर्गत छात्रों को एक वर्ष के लिए एडोबी क्रिएटिव क्लाउड का मूल लाइसेंस सॉफ्टवेयर निःशुल्क दिया जाएगा। जिससे वे फोटोशॉप, आफ्टर इफेक्ट्स, इलस्ट्रेटर, प्रीमियर प्रो जैसे इंडस्ट्री स्टैंडर्ड टूल्स पर घर बैठे भी अभ्यास कर सकेंगे। इसके अतिरिक्त छात्रों को सॉफ्ट स्किल्स, पर्सनालिटी डेवेलपमेंट, प्रस्तुतीकरण शैली जैसे विषयों में भी प्रशिक्षित किया जाएगा, जिससे वे इंडस्ट्री में आत्मविश्वास के साथ प्रवेश कर सकें। वर्षभर में देश के प्रतिष्ठित इंडस्ट्री विशेषज्ञों द्वारा 4 से 6 वेबिनार भी आयोजित किए जाएंगे।

इस डिग्री प्रोग्राम में एनीमेशन व मल्टीमीडिया, फैशन डिज़ाइनिंग और इंटीरियर डिज़ाइनिंग जैसे व्यावसायिक विषयों को शामिल किया गया है। डिग्री पाठ्यक्रम में प्रवेश की अंतिम तिथि 15 जुलाई घोषित की गई है। एरीना एनीमेशन बिलासपुर ने क्रेडिट योर मेरिट छात्रवृत्ति योजना की भी शुरुआत की है। इसमें योग्य छात्रों को उनकी मेरिट यानी पूर्व शैक्षणिक प्रदर्शन के आधार पर ट्यूशन फीस में 25% तक की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। अंतिम तिथि 5 जुलाई निर्धारित की गई है।

## सेवानिवृति उपरांत संगठन में रिक्त पदों पर पदाधिकारियों का समायोजन करने पर चर्चा



**बिलासपुर।** छग शिक्षक संघ संभाग एवं जिले इकाई की बैठक राजेन्द्र नगर हायर सेकेन्डरी स्कूल में आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य बिलासपुर संभाग एवं जिले में सेवानिवृति के उपरांत संगठन में रिक्त पदों पर पदाधिकारियो का समायोजन करना। युक्तियुक्तकरण की विसंगतियों पर चर्चा, निःशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण की खामियां, शासन का ध्यान आकर्षित करने, विभिन्न संगठनात्मक मुद्दों जैसे विषयों पर चर्चा उपरांत पदोन्नति, क्रमोन्नति, चतुर्थ वेतनमान, केंद्र के समक्ष डीए सरकारी रवैये पर नाराजगी व्यक्त की गई। बैठक में सरकार को प्रांतीय नेतृत्व के माध्यम से संगठन की मंशा से अवगत कराने निर्णय लिया गया। आज की बैठक में संरक्षक प्रदीप शर्मा, मोहन लाल पटेल, प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉअशोक गुप्ता, भुनेश्वर देवांगन, शंकर दयाल साव, सम्भगीय अध्यक्ष तरुण राठौर, अनिल गौरहा संगठन मंत्री, जिलाध्यक्ष राजेन्द्र श्रीवास, राजेश कुमार कश्यप, पिल लाल पटेल, विनोद शर्मा, जयप्रकाश ध्रुव, शिव कुमार श्रीवास, रोहित भांगे, प्रमोद कुमार हंसराज, बुधेश्वर कश्यप, ईश्वर शर्मा, राधेलाल बरेठ, राजेश कुमार कश्यप आदि मौजूद थे।

#### प्राचार्य पदोन्नति हाईकोर्ट से स्टे हटते ही खुशियां मिली

12 वर्षों से प्राचार्य पदोन्नति की बाट जोहते शिक्षकों को हाईकोर्ट से स्टे हटते ही खुशियों का ठिकाना नहीं रहा। इसका सभी शिक्षकों ने स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया है। छग शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष संजय ठाकुर एवं जिलाध्यक्ष टिकेश ठाकुर ने बताया कि 2013 के बाद से राज्य में प्राचार्य पदोन्नति नहीं हुई थी।

## करबला की लड़ाई मानव इतिहास की एक बहुत ही जरूरी घटना : जुनेद



**बिलासपुर।** मोहर्रम पर उसकी देन कमेटी द्वारा सत्यम चौक में आयोजित तकरीर में आज छठवें दिन भागलपुर बिहार के मौलाना जुनेद जमाली मुफ्ती ने कहा कि कर्बला का युद्ध या कर्बला की लड़ाई, वर्तमान इराक़ में कर्बला शहर में इस्लामिक कैलेंडर 10 मुहर्रम 61 हिजरी 10 अक्टूबर, 680 ईस्वी में हुई थी। यह लड़ाई पैगम्बर मुहम्मद के नवासे हज़रत इमाम हुसैन इब्न अली के समर्थकों और रिश्तेदारों के एक छोटे समूह के और उमय्यद शासक यजीद प्रथम की एक सैन्य टुकड़ी के बीच हुई थी। हुसैनी मस्जिद के इमाम जाहिर आगा ने मुल्क में अमन चैन शांति, कौमी एकता के लिए दुआ मांगी। रमजानी बाबा परिसर में आयोजित मस्तुरातो के जलसे के शुरुआत जहराफातिमा शिनम के नात शरीफ से हुई। इसमें उत्तर प्रदेश मऊ की आलिमा फाजिला नूरशबा ने बताया की जिसने एक बेटी को पढ़ाया लिखाया ,अदब कायदा सिखाए और उसकी शादी ब्याह में खर्च किया तो अल्लाह ताला उसके बदले में उसको जन्नत अता कर देता है। हमारा आज का नारा है बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, लेकिन हमारे आका पैगंबरे ए इस्लाम ने 14 सौ साल पहले ही बेटियों की तालिमो तरबियत के बदले जन्नत फरमाया था। आज की तकरीर में कमेटी के सदर युसूफ हुसैन बंटी, शेख नजीरुद्दीन, एस ए कादिर, हाजी निसार, इकबाल हक, नासिर नवाब, अबरार बाबा, सैय्यद इंसान अली बबबू, जफर सिटी मेंन, हाजी प्यारू, इस्माइल, भुट्टो राज, गुड्डू भाई, शईद, जफर आगा, बबली, शकील मनिहार, खालिद, सफीक साबरीन, बादशाह, शेख सिकंदर, वसीम मिर्जा, इकराम हुसैन, जावेद मेमन, इस्माइल, शेख सिकंदर, वसीम बख्श, विकी, शेख निजामुद्दीन, राम बघेल आदि मौजूद थे।

**कंचनपुर में भटक रहा है चार दिन से**

# बेलगहना और रतनपुर में फसलों को नुकसान पहुंचा रहा हाथी

**बिलासपुर।** कटघोरा पसान की ओर से भटककर पिछले चार, पांच दिनों से रतनपुर ब्लाक में एक हाथी विचरण कर रहा है, जिसकी संख्या एक से बढ़कर दो में पहुंच गई है। इस दौरान हाथी ने केंदा और बेलगहना के बीच ग्रामीण एरिया में खेतों में लगे फसलों को नुकसान भी पहुंचाया है। वहीं वन विभाग के स्टाफ हाथी के फुट मार्क और डंक से लगातार निगरानी कर रहे हैं।

पिछले पांच दिनों से एक हाथी ने बिलासपुर वन मंडल के रतनपुर परिक्षेत्र में आतंक मचाकर रखा हुआ है। कटघोरा पसान से हाथी एक दिन पहले बानाबेल सर्किल में पहुंचा था। हाथी का मूवमेंट रतनपुर ब्लाक के बेलगहना और केंदा के बीच देखा गया, जिसके बाद हाथी रतनपुर रेंज के कंचनपुर के क्षेत्र में पहुंच गया। इस दौरान हाथी ने ब्लाक के ग्रामीण एरिया के खेतों में लगे फसलों को नुकसान भी पहुंचाया है, जिसके लिए वन विभाग मुआवजा भी देगा। वहीं ग्रामीण भी काफी दहशत में आ गए हैं। बिलासपुर वन मंडल ने सूचना मिलने के साथ ही मौके पर पहुंचकर एनाउंसमेंट के जरिए ग्रामीणों को अलर्ट करने के साथ मुनादी कराना शुरु कर दिया है, जिसके लिए संबंधित क्षेत्र के तहसीलदार को भी सूचित किया गया है। हाथी रतनपुर के बार्डर में पहुंचा गया और ग्रामीणों के लगाए गए केले के पेड़ को खाना शुरु कर दिया। हाथी को देखते ही ग्रामीण डर के अपने-अपने घरों के अंदर छिपने लगे। एक हाथी के आतंक को रोकने में वन विभाग की टीम नाकाम थी, कि मंगलवार को एक हाथी का मूवमेंट बेलगहना रेंज में टीम को मिल गया है। वर्तमान में स्टाफ की मानिटिंग और जानकारी के अनसार हाथी रतनपुर के बार्डर यानि बेलगहना व केंदा के अलावा कंचनपुर क्षेत्र के बीच में हैं। स्टाफ हाथी के डंग व उसके पगमार्क से लगातार निगरानी कर रहा है। हाथी का पैर काफी बड़ा यानि 40 सेंटीमीटर का है, जिससे हाथी के युवा होने की आशंका व्यक्त की जा रही है। हाथी की पूरी गैंग पसान और जटगा की ओर होने की जानकारी मिली है, जिनसे अलग होकर हाथी रतनपुर की ओर आ गया है। हाथी का प्रिय भोजन सलिहा का झाड़ है, जिसे वह पूरा खा जाता है। इसके बीच में अगर कोई भी रोकटोक करता है तो उस पर वार कर देता है।



# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, गुरुवार 3 जुलाई 2025

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




**आयोजन**

## हमें रट्टू तोता नहीं बनना चाहिए उसे आत्मसात करना चाहिए



**बिलासपुर।** शासकीय जे.पी. वर्मा स्नातकोत्तर कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय द्वारा दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमीनार रिसर्च इन द 21 सेन्चुरी लाइब्रेरिस एस इनोवेशन एंड नालेज हब विषय पर आयोजन किया जा रहा है। संगोष्ठी का शुभारंभ बुधवार को महाविद्यालय के सभागार में भव्य रूप से किया गया। कार्यक्रम में डॉ. सपना मुखर्जी अभिनंदन ग्रंथ का विमोचन किया एवं सेमिनार पर आमंत्रित शोध पत्रों पर प्रकाशित पुस्तकों का विमोचन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक अमर अग्रवाल थे, उन्होंने कहा कि आधुनिक शोध के साथ-साथ हमें प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा को भी संरक्षित करना चाहिए। पुरातन नालंदा विश्वविद्यालय की तरह वर्तमान में पुस्तकालय का विकास होना चाहिए। जो भी हम पढ़ते हैं, वह कहता है कि मुझे ग्रहण करो। हमें रट्टू तोता नहीं बनना चाहिए, हमे उसे आत्मसात करना चाहिए। तभी हमारा देश पुनः एक विश्व गुरु बन सकेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. एडीएन बाजपेयी ने की, उन्होंने संगोष्ठी के विषय की प्रासंगिकता पर चर्चा करते हुए इसे शोधकर्ताओं, शिक्षकों और विद्यार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर बताया। शोध में छत्तीसगढ़ के पुरातन संस्कृति अध्यात्म धर्म साहित्य कण राजनीतिक शिल्पकारों जिस जिस विद्या में छत्तीसगढ़ में काम हुआ है उन विभिन्न विषयों विश्वविद्यालय द्वारा कराया जाता है। यह प्रयास होता है कि लोग अपने पुरातन संस्कृति को पहचाने और उसको समाज के सामने लाएं।

**कार्यक्रम**

## बहुभाषी पत्रिका उत्कल विलास का विमोचन



**बिलासपुर।** उत्कल विलास साहित्य संसद बिलासपुर द्वारा बहुभाषी पत्रिका उत्कल विलास का विमोचन एवं सम्मान समारोह का आयोजन जगन्नाथ मंदिर परिसर में किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि पत्रिका में भाषायी सेतु बनाने और सभी साहित्यकारों को जोड़ने का कार्य किया गया है। कार्यक्रम में प्रयास प्रकाशन साहित्य अकादमी की ओर से डॉ राघवेन्द्र दुबे राष्ट्रीय अध्यक्ष ने वामनचन्द्र दीक्षित का शॉल, श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। श्री दीक्षित ने स्वागत भाषण में उत्कल विलास पत्रिका के प्रकाशन के उद्देश्यों की जानकारी दी। वहीं समिति ने उत्कल विलास पत्रिका में शामिल साहित्यकारों का उत्कल विलास साहित्य रत्न सम्मान, साहित्य सेवा सम्मान से सम्मानित किया। मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के अध्यक्ष डॉ विनय विनय कुमार पाठक ने कहा कि संपादक वामनचन्द्र दीक्षित ने उत्कल विलास पत्रिका में ओड़िया, हिन्दी, अंग्रेजी और छत्तीसगढ़ी रचनाओं को प्रकाशित कर इसे भाषायी सेतु बनाने और सभी साहित्यकारों को जोड़ने का कार्य किया है। वर्तमान में ऐसी पत्रिकाओं के प्रकाशन की आवश्यकता है।

विशिष्ट अतिथि न्यायमूर्ति चन्द्रभूषण वाजपेयी ने कहा कि आज साहित्य की सभी विधाओं में सृजन की आवश्यकता है। वर्तमान में बिलासपुर में आयोजित हो रहे साहित्यिक सांस्कृतिक आयोजनों से नई पीढ़ी को इस दिशा में अग्रसर होने की प्रेरणा मिलेगी। विशिष्ट अतिथि डॉ बृजेश सिंह ने कहा कि यह पत्रिका भाषायी एकता की मिसाल है।

**आयोजन**

## युवा शिविर में आदर्श जीवन शैली पर जोर



**बिलासपुर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शॉतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ की टीम के माध्यम से जिला युवा प्रकोष्ठ ने एक दिवसीय निःशुल्क कन्या कौशल व्यक्तित्व निर्माण युवा शिविर का आयोजन किया। इसमें 95 प्रशिक्षार्थी बहनों ने भाग लिया। शिविर में आदर्श जीवन शैली पर जोर दिया गया। गायत्री शक्तिपीठ में आयोजित शिविर में वर्तमान समय की समसामयिकता के साथ आदर्श जीवन शैली, जीवन जीने की कला, विश्व की महान नारियों का जीवन दर्शन, कन्या जीवन के परिष्कृत सूत्र, बुद्धि बढ़ाने के वैज्ञानिक तरीके, कन्या जीवन में तनाव व निवारण, स्वास्थ्य जीवन के अनिवार्य सूत्र, ब्रम्हचर्य एक साधना, गर्भ विज्ञान ऋषि परंपराओं के पुनर्जागरण, स्वाध्याय, मेमोरी पॉवर, गायत्री मंत्र जप का वैज्ञानिक आधार एवं महत्व विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया गया। वहीं रूकमणी बंछोर राजिम एवं पूर्णिमा श्रीवास पामगढ़ ने प्रोजेक्टर के माध्यम से कक्षाएं ली एवं बहनों का मार्गदर्शन किया। अतिथि निरूपमा शुक्ला शिक्षिका ने उद्बोधन दिया। छग. प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ के समन्वयक ओम प्रकाश राठौर ने प्रशिक्षार्थियों को आत्मबल की विधा से अवगत कराया। पूरे आयोजन में मनोरम कोरी का मार्गदर्शन रहा। प्रमुख सहयोगी बहनों में सावित्री गढ़ेवाल, सीमा, आशा ध्रुवे, सुशीला यादव, अनुसुईया साहू, रीना ठाकुर, प्रमिला कौशिक, सोमलता साहू, योगेश्वरी थवाईत, कैलाशा बाई साहू, माधुरी यादव, सुनिता साहू, बृहस्पति, अंजलि केंवट शामिल रहीं।

# कालेजों में एडमिशन के लिए पहली लिस्ट जारी

कालेजों में बुधवार को फर्स्ट ईयर में एडमिशन के लिए मेरिट आधार पर लिस्ट निकालने का सिलसिला देर शाम तक चलता रहा। पहली लिस्ट के अनुसार काफी हायर कटऑफ गया है और खासकर साइंस व कामर्स में कहीं-कहीं तो 97 प्रतिशत तक कटऑप चला गया है, वहीं आर्टस में भी 70 प्रतिशत से ऊपर ही कटऑफ रहा है। इसके साथ ही कालेजों में फर्स्ट ईयर में एडमिशन का सिलसिला भी चालू हो गया है।




### जीडीसी व साइंस आटोनामस कालेज में दो दिन आ गई थी लिस्ट

आटोनामस कालेजों को अपने स्तर पर प्रवेश प्रक्रिया करना है। इसलिए शहर के दोनों आटोनामस कालेज जीडीसी व साइंस कालेज में दो दिन पहले ही एडमिशन के लिए पहली लिस्ट निकाली जा चुकी है और वहां पर पहली लिस्ट के अनुसार प्रवेश भी दिया जा रहा है। साइंस कालेज में बीएससी बायो ग्रुप में 82 प्रतिशत से ऊपर और मैथ्स ग्रुप में 79 से ऊपर कटऑफ रहा। इसी तरह जीडीसी कालेज में तो बीए में सर्वाधिक 94 प्रतिशत कटऑफ गया है, जबकि बीएससी बायो में 96 प्रतिशत से ऊपर, बीएससी मैथ्स में 92 प्रतिशत, बीएससी कंप्यूटर साइंस में 96.8 प्रतिशत तथा बीकाम में 94.8 प्रतिशत कटऑफ गया है।

**साइंस व कामर्स में हायर गया कटऑफ**

**कई कालेजों में 97 प्रतिशत तक गया कटऑफ, देर शाम तक कालेजों में निकाली जाती रही मेरिट आधार पर लिस्ट**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

यूजी फर्स्ट ईयर में एडमिशन के लिए अटल यूनिवर्सिटी के पोर्टल में जितने भी आनलाइन आवेदन प्राप्त हुए थे, उन्हें संबंधित कालेजों को आनलाइन भेज दिया गया था और कालेजों द्वारा आज उसमें से मेरिट आधार पर लिस्ट तैयार कर निकाली गई।

एडमिशन के लिए मेरिट आधार पर पहली लिस्ट दोपहर में निकालने का सिलसिला शुरू हो गया था और बीए, बीएससी एवं बीकाम की लिस्ट बारी-बारी से कालेजों में चस्पा की जाती रही। जेपी वर्मा कालेज सहित कुछ कालेजों में तो देर शाम तक पहली लिस्ट निकालने की कवायद चलती रही। अधिकांश कालेजों में फर्स्ट ईयर के लिए पहली लिस्ट में काफी हायर कटऑप गया है और कहीं-कहीं तो साइंस बीएससी और कामर्स बीकाम में 90-97 प्रतिशत तक कटऑफ चला गया है, जबकि आर्टस बीए में भी 70-75 प्रतिशत कटऑफ पहली लिस्ट में सामान्य वर्ग के लिए गया है।

### सीएमडी कालेज

सीएमडी कालेज में बीएससी और बीकाम में सर्वाधिक कटआफ रहा। बीएससी बायो में 93 प्रतिशत व बीएससी मैथ्स में 97.3 प्रतिशत, बीएससी बायोटेक 92.8 व बीएससी कंप्यूटर साइंस में 93.4 प्रतिशत कटआफ गया। इसी प्रकार बीए में भी सर्वाधिक 94 और कम 78 प्रतिशत तथा बीकाम में 72 से लेकर सर्वाधिक 97 प्रतिशत तक कटआफ गया है।




### जेपी वर्मा कालेज

सामान्य वर्ग में बीएससी बायो में 83.2 प्रतिशत, ओबीसी में 81, एससी में 78 और एसटी में 71.4 प्रतिशत और बीएससी मैथ्स में सामान्य में 84 प्रतिशत ओबीसी में 81.2, एससी में 77.4, एसटी में 61.4 प्रतिशत कटऑफ गया है। बीए में सामान्य 77.4 प्रतिशत, ओबीसी 71.6, एससी 69.8, एसटी 567.4 प्रतिशत तथा बीकाम में सामान्य में 83.8 प्रतिशत, ओबीसी 81.2, एससी 75.2, एसटी 60.6 प्रतिशत कटआफ रहा।



### डीपी विप्र कालेज

डीपी विप्र कालेज में बीए में सामान्य 72.6 प्रतिशत, ओबीसी 65.4 अनुसूचित जाति 64.4, अनुसूचित जनजाति 47.4 प्रतिशत कटऑफ रहा। बीकाम में सामान्य 75.6 प्रतिशत, ओबीसी 69.6, अनुसूचित जाति 60.4, अनुसूचित जनजाति 64 प्रतिशत कटआफ गया। बीएससी मैथ्स में सामान्य में 83.4 प्रतिशत, ओबीसी 80.2, अनुसूचित जाति 53.9, अनुसूचित जनजाति 53.8 प्रतिशत तथा बीएससी साइंस में सामान्य में 75.2 प्रतिशत, ओबीसी में 70.2, अनुसूचित जाति में 66.5, अनुसूचित जनजाति में 50.2 प्रतिशत कटआफ रहा।




**आनलाइन आए 54 हजार से अधिक आवेदन**

अटल यूनिवर्सिटी में फर्स्ट ईयर के लिए पिछले साल की तुलना में इस बार आवेदनों की संख्या अधिक है। पिछले साल 46 हजार 223 आवेदन आए थे, जबकि इस साल आवेदनों की संख्या 54 हजार को पार कर गई है। वहीं दूसरे चरण के लिए आनलाइन रजिस्ट्रेशन आवेदन की प्रक्रिया बुधवार से शुरू हो जाएगी। गवर्नमेंट जेपी वर्मा जरहाभाठा कालेज और माता शबरी कालेज में बायो ग्रुप में सर्वाधिक रूचि देखने को मिल रही है। कुछ कालेजों में साइंस बायोलाजी ग्रुप में ज्यादा स्टूडेंटस आवेदन किए हैं। जेपी वर्मा कालेज में बीएससी बायोलाजी में 190 सीटों के लिए 1415 आवेदन, बीकॉम के 220 सीटों के लिए 1101 आवेदन और बीए के 525 सीटों पर 1785 आवेदन आए हैं। माता शबरी कालेज में बीएससी बायो में 60 सीट के लिए 591 आवेदन, बीकाम में 150 सीट पर 263 आवेदन आए हैं।

**विद्यानगर में चल रहा अष्ट दिवसीय अखंड युगल नाम संकीर्तन**

# निम्बार्क भवन में गूंजे भजन

प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी अग्रवाल निम्बार्क भवन विद्या नगर में अष्ट दिवसीय अखंड युगल नाम संकीर्तन का आयोजन किया गया है। इसमें राधे कृष्ण, राधे कृष्ण, कृष्ण कृष्ण राधे-राधे, राधे श्याम, राधे श्याम, श्याम श्याम राधे-राधे का गान निरंतर किया जा रहा है। इसका समापन 9 जुलाई को होगा।



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अखंड युगल नाम संकीर्तन में युगल के नामों का निरंतर कीर्तन किया जा रहा है। आमतौर पर राधा और कृष्ण का बिना किसी रुकावट के गान किया जा रहा है। यह एक भक्ति अभ्यास है। जिसमें भगवान के नामों का जाप लगातार किया जाता है। इसका उद्देश्य भगवान के साथ एक गहरा संबंध स्थापित करना और आध्यात्मिक आनंद प्राप्त करना है। आयोजक आशा रामावतार, निधी शिखर अग्रवाल ने बताया कि बताया कि अखंड युगल नाम संकीर्तन का अभ्यास विभिन्न रूपों में किया जा सकता है। जैसे एक व्यक्ति या समूह लगातार भगवान के नामों का जाप करता है। जाप को संगीत के साथ किया जाता है। इसे किसी विशेष त्योहार या धार्मिक अवसर पर आयोजित किया जा सकता है। माना जाता है कि निरंतर नाम संकीर्तन से मन शांत व तनाव कम होता है। आध्यात्मिक जागृति भी आती है।

**इनका मिल रहा सहयोग**

संकीर्तन को सफल बनाने में आशा, उषा अग्रवाल, अखंड युगल नाम संकीर्तन मंडल बिलासपुर, श्री राधा सखी परिकर, श्री युगल उपासक मण्डल एवं समस्त भक्त वृंदों का सहयोग मिल रहा है।



**कोकिला डांस ग्रुप ने पेश किया ओडिशी नृत्य, गाए भजन**



# संबलपुरी नृत्य से ओडिशा की संस्कृति जीवंत

**बिलासपुर।** रेल्वे स्थित श्री मौसी मां मंदिर में महाप्रभु जगन्नाथ के सम्मान में निरंतर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को शहर के पंकज सोनी भजनों की प्रस्तुति दी। वहीं भुवनेश्वर के कोकिला डांस ग्रुप की ओर से पारंपरिक ओडिशी व संबलपुरी नृत्य पेश किए गए।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलित व भगवान जगन्नाथ की पूजा कर किया गया। कलाकारों का पुष्पहार से सम्मान के बाद पंकज सोनी ने भक्तिमय भजनों की प्रस्तुति दी। उनके भजन में भक्ति व लोक धुन का संगम देखने को मिला। श्रोता उनकी गायकी के माध्यम से सीधे भगवान से जुड़े रहे। भुवनेश्वर के कोकिला डांस ग्रुप ने पारंपरिक ओडिशी व संबलपुरी नृत्य के माध्यम से ओडिशा की संस्कृति को मंच पर जीवंत किया। वाद्य यंत्रों, दीप एवं मुद्राओं से सजे इस नृत्य ने भक्तों को महाप्रभु जगन्नाथ की लीला का भावनात्मक रूप से एहसास कराया। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री जगन्नाथ सेवा समिति के सभी सदस्यों का सहयोग मिल रहा है।

### निभाई गई हेरा पंचमी की परंपरा

आषाढ़ मास में निकलने वाली भगवान जगन्नाथ रथयात्रा के पांचवें दिन हेरा पंचमी की परंपरा निभाई गई जो कि बहुत ही रोचक रहा। भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा के दौरान और भी कई रोचक परंपराएं निभाई जाती हैं। इसमें हेरा पंचमी भी एक है। इस परंपरा में देवी लक्ष्मी बिना बताए महाप्रभु के मौसी मां के घर चले जाने से नाराज होकर भगवान जगन्नाथ के रथ का पहिया तोड़ देती हैं, फिर भगवान उन्हें रसगुल्ला खिलाकर मनाते हैं। इस दृश्य को देखकर श्रद्धालु भावुक हो गए। महिलाएं दीप जलाकर आरती की। बच्चे रथ की छोटी प्रतिकृति लेकर इस महोत्सव को नजदीक से महसूस किया। यह प्रसंग केवल एक रस्म नहीं बल्कि श्रद्धा व पारिवारिक मान-मनुहार की सुंदर अभिव्यक्ति रही।



### जुट रहें सेकड़ों श्रद्धालु

महाप्रभु के होने से मौसी मां मंदिर में हर दिन श्रद्धालुओं की भीड़ जुट रही है। महाप्रभु को श्रद्धालु तरह-तरह के भोग अर्पित कर रहे हैं। वहीं खिचड़ी, पुड़ी, सब्जी, फल, मिष्ठान श्रद्धालुओं के बीच बांटे जा रहे हैं।

**स्पोर्ट्स न्यूज**

## रेलवे की महिला बॉक्सर ने सीनियर नेशनल बॉक्सिंग प्रतियोगिता में जीता रजत पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे वाणिज्य विभाग में कार्यरत महिला बॉक्सरों शशि चोपड़ा एवं लाशु यादव ने हैदराबाद में आयोजित एलिट विमेंस सीनियर नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने वेट कैटेगरी में रजत पदक प्राप्त किया है। यह प्रतियोगिता 27 जून से 1 जुलाई तक आयोजित की गई, जिसमें 15 राज्यों की 200 से अधिक महिला खिलाड़ियों ने भाग लिया। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की ओर से भाग ले रहीं शशि चोपड़ा और लाशु यादव भारतीय रेलवे टीम का प्रतिनिधित्व कर रही थीं। इनके उत्कृष्ट प्रदर्शन से न केवल भारतीय रेलवे बल्कि दक्षिण बिलासपुर का भी गौरव बढ़ा है। दोनों खिलाड़ियों की इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश, अपर महाप्रबंधक, मंडल एवं मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारीगण ने हर्ष के साथ शुभकामनाएं दी हैं। शशि चोपड़ा एवं लाशु यादव ने अपने कठिन परिश्रम, दृढ़ निश्चय और अनुशासन के बल पर यह मुकाम हासिल किया है, जो न केवल रेलवे परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे प्रशासन को विश्वास है कि भविष्य में भी ये खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय मंचों पर देश और रेलवे का नाम रोशन करेंगी।






## जूनियर नेशनल बेसबॉल में बालक वर्ग ने रजत व बालिका टीम ने कास्य पदक जीता

बेसबॉल संघ के कोच अख्तर खान ने बताया कि जूनियर बेसबॉल राष्ट्रीय प्रतियोगिता उत्तरप्रदेश में आयोजित की गई, जिसमें बालक एवं बालिका वर्ग के दोनों टीम सम्मिलित हुई है। जिसमें बालक वर्ग ने फाइनल मैच में दिल्ली टीम को पहले इनिंग में 1 रन बनाने में कामयाब हुई, वही दिल्ली टीम ने बॉटम में 4 रन बना लिया। दूसरे इनिंग में मैच का स्कोर 4-01 ही रहा और आखिरी और तीसरे इनिंग में छत्तीसगढ़ टीम ने अपने स्कोर में बढ़ाते हुए मैच में दिल्ली टीम को काटे की टक्कर दिया। किन्तु लास्ट में छत्तीसगढ़ बालक टीम को 2 रन की आवश्यकता थी जो बनाने में नाकामयाब रहें। छत्तीसगढ़ बालक टीम को हार का सामना करना पड़ा वही इस प्रतियोगिताओं में सिल्वर मैडम के साथ संतुष्ट होना पड़ा और मैच का आखिरी स्कोर 5-4 रहा। पूरे प्रतियोगिताओं में छत्तीसगढ़ बालक टीम ने शानदार प्रदर्शन किया है, वहीं बालिका वर्ग का हार्डलाइन मैच तीसरे स्थान के लिए मुकाबला राजस्थान के साथ रहा छत्तीसगढ़ बालिका टीम से साक्षी ध्रुव के आक्रामक पिचिंग के बदौलत बालिका टीम ने राजस्थान टीम को 1 रन में रोका और महिमा, साक्षी, अंकिता के सेफ हिटिंग से 2 रन बना कर इस प्रतियोगिता में तीसरा स्थान कास्य पदक हसिल किया। मैच का अंतिम स्कोर 2-1 रहा। टीम के कोच मैनेजर लखन लाल देवांगन, विकास यादव, नेहा यादव, राजा जोशी है।



## खबर संक्षेप

### नशे के विरुद्ध कार्रवाई 12 पाव देसी शराब जब्त

तखतपुर। अवैध शराब बिक्री के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी के कब्जे से शराब जब्त कर अपराध पंजीबद्ध किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम जरेली निवासी अधनु निषाद उम्र 58 वर्ष नगोई रोड पर झोले में लेकर अवैध देशी प्लेन शराब लेकर जा रहा था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने छापा मार कर उसके पास से 12 पाव देशी प्लेन शराब जब्त कर लिया। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट 34 (1)क के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना लिया गया।

### महिला के गले से सोने की लॉकेट पार, जुर्म दर्ज

तखतपुर। अज्ञात चोर ने बस में बैठी महिला के गले से सोने की लॉकेट पर हाथ साफ कर दिया। शिकायत पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम जरेली निवासी रमेशरीन बाई जायसवाल पति अर्जुन लाल जायसवाल ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 29 जून को ग्राम जरेली से सुबह 11 बजे बस में बैठकर अपने भाई के घर मुंगेली जा रही थी। बस मण्डी चौक के पास उसने देखा कि उसके गले से सात नग की सोने की लॉकेट गायब थी। उसने आस-पास ढूंढा लेकिन लॉकेट का कोई पता नहीं चला। महिला का शिकायत पर अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 303,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।

### मां-बेटी के साथ गाली-गलौज, मामला दर्ज

तखतपुर। जमीनी विवाद को लेकर खेत में काम कर रही मां-बेटी के साथ युवक ने गाली-गलौज कर दी। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम जरेली निवासी सतरूपा बाई ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी जमीन का मामला न्यायालय में चल रहा है। 30 जून को दोपहर 2 बजे वह अपना बेटी अंजू ध्रुव के साथ खेत में काम रही थी। इसी दौरान मान सिंह आया और उसके खेत की मिट्टी को फेंकने लगा। जब उसने ऐसा करने से मना किया तो मान सिंह के बेटे गोरे नेताम और रामस्वरूप ने मां-बेटी के साथ गाली-गलौज सुरू कर दी। शिकायत पर पुलिस ने धारा 296, 3,5 351,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

## केंद्रीय राज्य मंत्री ने किया बिलासा पब्लिक स्कूल का शुभारंभ

# शिक्षा राष्ट्र निर्माण का सबसे सशक्त माध्यमः तोखन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली



स्कूल के शुभारंभ अवसर पर मौजूद केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू।

केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री एवं बिलासपुर लोकसभा सांसद तोखन साहू ने बुधवार को मुंगेली जिले के ग्राम बोड़तरा में नवस्थापित बिलासा पब्लिक स्कूल का विधिवत शुभारंभ किया। उन्होंने इस अवसर पर "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के अंतर्गत विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया एवं ई-क्लास रूम और कंप्यूटर लैब का उद्घाटन भी किया।

श्री साहू ने कहा कि यह विद्यालय केवल एक भवन नहीं, यह भविष्य निर्माण की प्रयोगशाला है। शिक्षा के माध्यम से ही गांव का बच्चा भी वैश्विक मंच पर नेतृत्व कर सकता है। शिक्षा केवल परीक्षा पास करने का माध्यम नहीं, बल्कि सोचने, सवाल करने औरव समाज को दिशा देने की प्रेरणा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लागू की गई नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति का उद्देश्य है शिक्षा को समावेशी, आधुनिक, मूल्यनिष्ठ और रोजगारोन्मुख बनाना। हम सबकी जिम्मेदारी है कि इस नीति का प्रकाश गांव-गांव तक पहुंचे। श्री साहू ने भावनात्मक स्वर में कहा कि आज मैं जो कुछ भी हूं, उसका श्रेय मेरी प्रथम गुरू जो मेरी माता -पिता और गांव की मिट्टी को जाता है। मैंने एक साधारण किसान परिवार में जन्म लिया, टाट पट्टी पर बैठकर पढ़ाई की, ढिबरी की रोशनी में सपने देखे। यह पौधा जो मैंने 'मां के नाम' पर रोपा है, केवल स्मृति नहीं, बल्कि उस मातृत्व का प्रतीक है जिसने मुझे देश सेवा के योग्य बनाया। जनपद पंचायत लोरमी की अध्यक्ष वर्षा विक्रम सिंह ने कहा कि यह विद्यालय लोरमी अंचल के बच्चों के लिए नई रोशनी की शुरुआत है। जब शिक्षा गांवों तक पहुंचती है, तो आत्मविश्वास और प्रतिभा स्वतः निखरती है।

वनमंडल अधिकारी अभिनव कुमार, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पांडेय, शिक्षाविद, जनप्रतिनिधि, अभिभावक एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। विद्यालय के संचालक डीपी साहू ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारा प्रयास है कि ग्रामीण विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर की गुणवत्तापूर्ण और तकनीकी रूप से सक्षम शिक्षा प्रदान की जाए, ताकि वे आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभा सकें।

### अपने सपने बड़े रखो

श्री साहू ने बच्चों से कहा कि अपना सपना बड़ा रखो, चाहे साधन छोटे हों। मेहनत, अनुशासन और आत्मबल से तुम भी वही कर सकते हो, जो मैं कर सका। राजनीतिक जीवन की प्रेरणा देते हुए उन्होंने कहा कि मैं पंच में सांसद और केंद्रीय राज्यमंत्री तक का सफर तय आप सभी के आशीर्वाद से पहुंचा हूं। मैंने जनसेवा को अपना कर्म बनाया और पंचायत स्तर से लेकर संसद तक का सफर तय किया। जो छात्र आज पढ़ाई कर रहे हैं, वे कल इस देश की दिशा तय करेंगे। यही लोकतंत्र और शिक्षा की ताकत है।

### बच्चों का भविष्य उनके हाथों में: कलेक्टर

कार्यक्रम में उपस्थित मुंगेली कलेक्टर कुंदन कुमार ने अपने निजी अनुभव साझा करते हुए कहा कि मैं भी एक साधारण पृष्ठभूमि से आया हूं, लेकिन मैंने पाया जब सोच विशाल हो और लक्ष्य स्पष्ट हो, तो साधन कभी रुकावट नहीं बनती। शिक्षा वह शक्ति है जो सपनों को लक्ष्यों में बदलती है। आज हम बच्चों के बीच सिर्फ विषय नहीं पढ़ा रहे, बल्कि उन्हें यह भरोसा दे रहे हैं कि उनका भविष्य उनके अपने हाथों में है। यही शिक्षा की असली शक्ति है।

### असंभव को संभव बना सकते हैं बच्चे: एसपी

मुंगेली पुलिस अधीक्षक भोजराज पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि साफ लक्ष्य, आत्मसंयम और अनुशासन से कोई भी बच्चा असंभव को संभव बना सकता है। मैं बच्चों से कहना चाहता हूं सोच बड़ी रखो, आत्मविश्वास से भरपूर रहो और सिर्फ नौकरी नहीं, देश और समाज के लिए प्रेरक बनने का लक्ष्य रखो। तभी शिक्षा अपने वास्तविक अर्थ को प्राप्त करेगी।



## खड़गे, वेणुगोपाल के रायपुर आगमन की तैयारियों को लेकर बैठक

तखतपुर। कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल के 7 जुलाई को किसान, जवान, सविंधान सभा हेतु रायपुर आगमन की तैयारी के लिए कांग्रेस की ओर से नियुक्त पर्यवेक्षक राजेंद्र शुक्ला और पूर्व विधायक रश्मि सिंह ने तखतपुर में कांग्रेसियों की बैठक लेकर कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा लोगों को शामिल करने की रणनीति बनाई। इसके लिए अलग-अलग व्यक्तियों को जवाबदारी दी गई। इस मौके पर पूर्व विधायक जगजीत सिंह मक्कड़, सचिव आत्मजीत मक्कड़, जिला पंचायत सदस्य शिवेंद्र कौशिक, नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बिहारी देवांगन, पूर्व नपा अध्यक्ष अजय देवांगन, सुरेश ठाकुर, शिव बालक कौशिक, अभ्युदय तिवारी, ब्लॉक संयोजक पार्षद सुनील जांगड़े, चंद्रप्रकाश देवांगन, शैलेन्द्र निर्मलकर, रमन हुरा, राजवीर हुरा, मो अजमत हुसैन, नट्टू अजय ध्रुव, युवा कांग्रेस अध्यक्ष अनिल कौशिक, मिथलेश यादव, प्रियांशु डहरिया, जितेंद्र राज सहित अन्य मौजूद थे।

### बिल्हा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक आज

बिल्हा। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे एवं राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल के आगामी 7 जुलाई को किसान, जवान, संविधान सभा के लिए रायपुर आगमन के सम्बन्ध में तैयारियों को लेकर 3 जुलाई गुरुवार दोपहर 3 बजे रेस्ट हाउस बिल्हा में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की ओर से आवश्यक बैठक आयोजित की गई है। इस बैठक में शामिल होने प्रदेश, जिला ब्लॉक के सभी पदाधिकारी, जोन, सेक्टर, बूथ, निर्वाचित पूर्व निर्वाचित जनप्रतिनिधि, पूर्व मनोनीत, पूर्व पत्याशी, सभी प्रकोष्ठ के पदाधिकारी सहित सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं से आह्वान किया गया है। इस आवश्यक बैठक में विशेष रूप से बिल्हा के पूर्व विधायक सियाराम कौशिक एवं प्रभारी सुधांशु मिश्रा उपस्थिति रहेंगे।

## एनटीपीसी सीपत में चिकित्सक दिवस समारोह

### डॉक्टर्स मानव सेवा के लिए हमेशा तत्परः शरण



डाक्टर का सम्मान करते अतिथि।

सीपत। एनटीपीसी सीपत में मंगलवार को राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस समारोह का आयोजन किया गया। विदित हो कि भारत में हर वर्ष 1 जुलाई को 'राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस' महान चिकित्सक और भारत रत्न डॉ बिधान चंद्र रॉय की स्मृति में मनाया जाता है। डॉ बीसी रॉय न केवल एक कुशल डॉक्टर थे, बल्कि पश्चिम बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री के रूप में भी उन्होंने देश की सेवा की।

इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक अनिल शंकर शरण ने डॉ भवनीश समन मुख्य चिकित्सा अधिकारी तथा उनकी समस्त टीम के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने डॉक्टर को भगवान का दूसरा रूप बताते हुए कहा कि मानव जीवन के हर पड़ाव में डॉक्टर की सेवा की जरूरत होती है और डॉक्टर मानव सेवा के लिए तत्पर रहते हैं। उन्होंने भारत रत्न डॉ बिधान चंद्र रॉय के कार्यों को भी याद किया। डॉ भवनीश समन मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने एनटीपीसी सीपत अस्पताल में बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में उठाए गए कदम की भी सराहना की। साथ ही सुविधाओं को और बेहतर बनाने के लिए भी विचार-विमर्श किया गया। महाप्रबंधक इंजीनियरिंग विकास खरे ने भी सभी डॉक्टर्स को राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उपस्थित अनिल शंकर शरण, मुख्य महाप्रबंधक, विकास खरे, महाप्रबंधक तथा जयप्रकाश सत्यकाम, विभागाध्यक्ष मानव संसाधन ने एनटीपीसी सीपत अस्पताल में कार्यरत सभी डॉक्टर्स को उनके योगदान के लिए अंगवस्त्र तथा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।

भोपाल से आई टीम ने जीपीएम जिले में की कार्रवाई

## जीएसटी चोरीः ईओडब्ल्यू की टीम ने किया एक आरोपी को गिरफ्तार



ईओडब्ल्यू की गिरफ्त में आरोपी।

पेंड्रा। मध्यप्रदेश में फर्जी बिल से करोड़ों की जीएसटी चोरी के मामले में भोपाल की ईओडब्ल्यू टीम ने छत्तीसगढ़ के गौरेला पेण्ड्रा मरवाही जिले में छापेमार कार्रवाई की है। ईओडब्ल्यू ने शेख जफर को मरवाही से गिरफ्तार किया है. बताया जा रहा कि भोपाल में दर्ज जीएसटी फर्जीवाड़ा मामले में यह कार्रवाई हुई है।

बता दें कि 25 जून को ईओडब्ल्यू ने फर्जी कंपनी बनाकर जीएसटी क्लेम के नाम पर 34 करोड़ से ज्यादा का घोटाला करने वाले मास्टरमाइंड जबलपुर निवासी विनोद कुमार सहाय को झारखंड के रांची से गिरफ्तार किया था. शेख जफर भी विनोद सहाय के लिए काम करता था। ईओडब्ल्यू की पूछताछ में कारोबारी शेख जफर ने बड़ा खुलासा किया है. उसने बताया कि विनोद सहाय की फर्मों से वह सिर्फ कोयले का व्यवसाय करता था। शेख जफर के नाम पर अम्बर कोल डिपो एवं अनम ट्रेडर्स है, जो रानीताल जबलपुर के पते पर रजिस्टर्ड है. अनम ट्रेडर्स ने अभिजीत ट्रेडर्स से व्यवसाय किया. अम्बर कोल ने मेसर्स मां रेवा ट्रेडर्स एवं नमामि ट्रेडर्स से व्यवसाय किया है. इसके अतिरिक्त शेख जफर की कंपनियों ने विनोद सहाय की कंपनी जगदम्बा कोल केरियर और महामाया ट्रेडर्स से भी व्यवसाय किया है। शेख जफर ने बताया कि विनोद सहाय की फर्म जेएमकेडी कोल से उन्होंने खालसा कोल, बिलासपुर, हरिजिका कोल, रायगढ, प्रकाश इंडस्ट्री चापा, नेशनल फर्म के प्रोपराइटर अक्कू जेठानी, एमएसपी पॉवर प्लांट रायगढ, बीएस सिंघल पॉवर प्लांट रायगढ़ सहित अन्य को फर्जी बिल देता था. उक्त बिल देने के लिए राजा सरावगी बुढार, अशोक चतुर्वेदी बुढार, राजेश कोटवानी बिलासपुर से कोयला लेना दिखाता था। उक्त कोल का पूरा काम उनके माध्यम से होता था। जानकारी के मुताबिक, शेख जफर का मटियाडाढ़ मरवाही में कोयला डंपिंग यार्ड है। वह चोरी के कोयले को छत्तीसगढ़ से मध्यप्रदेश और मध्यप्रदेश से छत्तीसगढ़ में खपाने का काम करता था. साथ ही फर्जी बिलिंग कर जीएसटी की भारी हेराफेरी की।

मुख्य आरोपी विनोद सहाय को पहले ही झारखंड के रांची से गिरफ्तार किया जा चुका है। मामला धोखाधड़ी, जालसाजी और आपराधिक साजिश की धाराओं में दर्ज है। ईओडब्ल्यू की 7 सदस्यीय टीम ने जफ़र शेख को उसके घर से गिरफ्तार कर भोपाल ले गई है। जांच में मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के अन्य कोयला व्यापारियों के नाम भी सामने आ सकते हैं।

## एनटीपीसी मजदूर महासंघ का चुनाव आशाराम पटेल बने संगठन सचिव



सीपत। एनटीपीसी ऑल इंडिया बीएमएस का राष्ट्रीय अधिवेशन 21-22 जून 2025 को तेलंगाना के रामागुंडम में संपन्न हुआ। इस अधिवेशन में देश के 18 एनटीपीसी प्रोजेक्ट्स से लगभग 150 कर्मचारी प्रतिनिधि शामिल हुए। गौरव की बात यह रही कि सीपत एनटीपीसी से सबसे अधिक सात प्रतिनिधियों ने भाग लेकर प्रोजेक्ट को राष्ट्रीय मंच पर विशेष पहचान दिलाई।

इस अधिवेशन में एनटीपीसी मजदूर महासंघ की नई कार्यकारिणी का चुनाव भी सम्पन्न हुआ, जिसमें एनटीपीसी कोरबा से सुरेंद्र कुमार राठौर अध्यक्ष, तालचर कविता से विरेंद्र कानूनगो महामंत्री एवं सीपत एनटीपीसी से आशाराम पटेल को संगठन मंत्री के रूप में चुना गया। सोमवार को यूनियन कार्यालय सीपत में आशाराम पटेल का जोरदार स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता यूनिट के उपाध्यक्ष उमेश साहू ने की। इस अवसर पर यूनियन के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने फूल मालाओं के साथ आशाराम का स्वागत किया। आशाराम पटेल ने कहा कि यह सिर्फ मेरी नहीं, सीपत के हर श्रमिक की जीत है। मैं केंद्रीय संगठन में रहते हुए मजदूर हितों की आवाज बुलंद करूंगा और स्थानीय समस्याओं को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने का प्रयास करूंगा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सर्वानिवृत्त कर्मचारी आरके साहू, यूनिट अध्यक्ष देवप्रताप टंडन, महामंत्री विनोद मंजारे, उपाध्यक्ष उमेश साहू, टीबी गबेल, रजनीश बनर्जी, राजेंद्र गोस्वामी, सुशील यादव, नरसिंह पटेल, प्रफुल्ल राजपूत सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य विभाग के सचिव से मिले निशक्त कर्मचारी कल्याण संघ के सदस्य



बोदरी। छग निशक्त शासकीय अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ के सदस्यों ने स्वास्थ्य विभाग के सचिव अमित कटारिया सौजन्य मुलाकात की। इस मौके पर संघ ने सचिव को ज्ञापन सौंप कर जानकारी दी कि स्वास्थ्य विभाग में दिव्यांग कर्मचारियों की पदोन्नति न करते हुए भ्रमित किया जा रहा है। जबकि सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से मंत्रालय में कार्यरत दिव्यांग कर्मचारियों पदोन्नति का लाभ प्रदान किया जा रहा है। साथ ही अन्य विभागों में भी पदोन्नति की कार्यवाही की जा रही है। इस दौरान संघ ने सुप्रीम कोर्ट एवं हाई कोर्ट छग की ओर से पदोन्नति के संबंध में दिए गए आदेश से भी सचिव को अवगत कराया। साथ ही स्वास्थ्य विभाग बिल्हा में कार्यरत दिव्यांग कर्मचारी लखन लाल दुबे, वाहन चालक के पद परिवर्तन, एवं दिव्यांग प्रमाण पत्र के संबंध में फर्जी शिकायत कर्ता के एवं विभाग की ओर से लगातार नोटिस दिए जाने व मानसिक प्रताड़ित करने के संबंध में भी अवगत अवगत कराया गया। इस पर सचिव ने उचित कार्रवाई करने का भरोसा दिया।

## चंद घंटे में पुलिस के हत्थे चढ़ा बलात्कार का आरोपी



बिल्हा। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार 1 जुलाई को हिर्री थाना क्षेत्र की एक युवती ने थाने पहुंचकर आवेदन पेश पेश किया कि 1 जुलाई को ही दोपहर 2:30 बजे वह अपने घर पर अकेली थी। इसी दौरान गांव का मुकेश कुमार जगत आया और घर अंदर घुसकर जबरदस्ती उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने अपराध कायम कर विवेचना में लिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों को अगवत कराया गया एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर त्वरित त्वरित कार्रवाई करते हुए पीड़िता की मेडिकल जांच कराई गई। इसके बाद पतासाजी कर आरोपी मुकेश कुमार जगत पिता छोटे लाल जगत उम्म्र 22 साल साकिन सरसेनी थाना हिर्री को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।


**समक्षः श्रीमान अनुविभागीय दण्डाधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**

**// शपथ पत्र नाम परिवर्तन //**

मैं मधुमंगल सिंह कोशे उम्र 47 वर्ष पिता श्री नारायण देव कोशे पता- डी./20, टाईप डी. (पुराना) काली मंदिर से पहले, गुरूघासीदास वि.वि.कैंपस, कोनी, पो.-कोनी, जिला-बिलासपुर (छ.ग.) का हूँ। जो कि निम्न कथन शपथ पूर्वक करता हूं कि:-

1. उपरोक्त नाम व पते का निवासी हूँ।
2. यह कि मेरी पुत्री सुहाषिनी कोशे का जारी जन्म प्रमाण-पत्र पंजीकरण संख्या 3857 जारी दिनांक 28/05/2008 पर सही नाम **सुहाषिनी कोशे,** पिता मधुमंगल सिंह कोशे एवं श्रीमती अंबिका कोशे अंकित है जो कि सत्य व सही है।
3. यह कि मेरी पुत्री के जारी आधार कार्ड नंबर 400919311586 पर नाम शुभासिनी कोशे दर्ज है। जो कि सही नहीं है। तथा जन्म प्रमाण-पत्र एवं कक्षा 1 से 10 तक शैक्षणिक प्रमाण पत्रों के अनुसार नाम सुधारकर सही नाम सुहाषिनी कोशे किया जाना सत्य व सही होगा।

अतः आधार कार्ड में त्रुटि पूर्ण अंकित नाम शुभासिनी कोशे के स्थान पर **सुहाषिनी कोशे** दर्ज कराना चाहता हूं। जिसके समर्थन में यह शपथ - पत्र प्रस्तुत करता हूं।

**शपथकर्ता**

**सत्यापन**

मैं मधुमंगल सिंह कोशे उम्र 47 वर्ष पिता श्री नारायण देव कोशे उपरोक्त कथन में अपनी हस्ताक्षर कर सत्यापित करता हूं।

**शपथकर्ता**



**न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)**

**//ईश्तहार//**

क्रमांक /कावा-तह./25 बिलासपुर, दिनांक: 30/08/25

मौजा मोपका के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि मौजा मोपका प.ह.नं. 29, तहसील जिला बिलासपुर (छ.ग.) स्थित भूमि ख.नं. 1999/1 रकबा 0.0530 हे. वर्गफीट /एकड़ हेतु आवेदक/ आवेदिका/ दिनेश कुमार कश्यप पिता स्व.राजाराम कश्यप निवासी मोपका तहसील बिलासपुर व जिला बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा ऋण पुस्तिका की मूल प्रति गुम जाने के कारण द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी भी प्रकार की आपत्ति /दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 11.07.25 को सुबह 11:00 बजे स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेंगे।

आज दिनांक 30/06/25 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

**नायब तहसीलदार**
**बिलासपुर (छ.ग.)**



**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, जरहागांव**

**// उद्घोषणा //**

रा.प्र.क्र....../ब-121/2024-25
ग्राम दाऊकापा प.ह.नं. 11

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासी ग्राम दाऊकापा वालों को सूचित किया जाता है कि आवेदक संजीत कुमार पिता / पति विमल कुमार जाति सतनामी निवासी ग्राम दाऊकापा तहसील जरहागांव जिला मुंगेली छ.ग. द्वारा अपने भाई रंजीत कुमार बाघले के जन्म 01/8/2008 को ग्राम पंचायत दाऊकापा में दर्ज करने हेतु आदेश जारी करने बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है, अतः इस संबंध में जिस किसी को कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 17/7/25 को प्रातः 11 बजे तक मेरे न्यायालय तहसील जरहागांव में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 2/7/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा के अधीन जारी किया गया।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**जरहागांव**



**न्यायालय तहसीलदार सकरी जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

**//ईश्तहार//**

रा.प्र.क्र......./2024-25 ग्राम-छतौना, तहसील-सकरी, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मेवादास पिता बालकदास, निवासी ग्राम छतौना के द्वारा इस आशय का आवेदन पत्र पेश किया गया है कि न्यायालय नायब तहसीलदार सकरी का राजस्व प्रकरण क्रमांक 04/अ-56/2015-16, ग्राम छतौना में पारित आदेश दिनांक 29.06.2016 के अनुसार छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 230 के प्रावधानों के अंतर्गत ग्राम छतौना का अस्थायी कोटवार मेवादास पिता बालकदास को नियुक्त किया गया है। आवेदक द्वारा ग्राम छतौना में अस्थायी कोटवार नियुक्ति पश्चात् ग्राम पंचायत छतौना एवं शासकीय कार्य तथा ग्रामवासियों द्वारा समय-समय पर दिये गये कार्य को पूर्ण करते हैं। अतः आवेदन द्वारा ग्राम छतौना का स्थायी कोटवार नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 7/7/25 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। सुनवाई दिनांक के उपरांत कोई दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 27/6/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार**
**सकरी (छ.ग.)**



**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल जूना बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**सूचना**

क/क/ रा.नि./2025, जूना बिलासपुर
दिनांक 24/06/2025

(1) दीपिका गुप्ता पति चेतन गुप्ता (2) जोन कमिश्नर नगर निगम बिलासपुर (3) हरिकिशन अग्रवाल (4) एस.के.दास (5) ओम प्रकाश दुबे (6) एस.के.शाह (7) एन.के.सूर संबंधित हितबद्ध पक्षकार

(समीपी भूस्वामियों की जानकारी ज्ञापन में दर्ज / आवेदक के बताए अनुसार)

**विषयः** सीमांकन में उपस्थित होने बाबत।

**संदर्भः**-न्यायालय तहसीलदार का ज्ञापन क/क/तह/वाचक/2023 बिलासपुर दिनांक 05/07/24

आवेदक दीपिका गुप्ता निवासी मंगला के द्वारा ग्राम तालापारा प.ह.नं. 39 रा.नि.मं. जूना बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर- 135/1 रकबा 0.2660 हे. के सीमांकन हेतु न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। संदर्भित न्यायालयीन ज्ञापन के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन दिनांक 10/07/25 को समय-11-5 p.m. बजे किया जायेगा। अतः आप भूमि से संबंधित दस्तावेज के साथ निर्धारित तिथि एवं समय को मौके पर अनिवार्यतः उपस्थित होवें। अनुपस्थिति के लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे और बाद की आपत्ति पर स्वीकार्य नहीं होगी।

**टीपः-** (इस सीमांकन हेतु तहसीलदार बिलसपुर द्वारा ''टीम गठन'' किया गया है।) 1- आवेदक सीमाचिन्ह स्थापित करने हेतु आवश्यक सामग्री और मजदूर की व्यवस्था करें। 2-विशेष परिस्थिति में अपरिहार्य कारणों से सीमांकन तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।

**राजस्व निरीक्षक**
**जूना बिलासपुर (छ.ग.)**



**आम सूचना**

मैं अंकुश मिश्रा अधिवक्ता अपने आसामी श्री गौरव अग्रवाल पिता श्री देवेन्द्र अग्रवाल की ओर से अधिकृत होकर निम्न आशय की सूचना प्रकाशित करा रहा हूं। वार्ड क्र. 27, विनोबा नगर, तालापारा मार्ग स्थित एक रिहायशी मकान जिसकी वर्तमान स्वामिनी कल्पना मोईत्रा हैं। जिसका सर्वे नंबर 723/130, प्लाट नं. 9/3, शीट नं. 7 है तथा कुल क्षेत्रफल 2205 स्क्वेयर फीट है।

यह कि इस उक्त मकान को मेरे आसामी श्री गौरव अग्रवाल खरीदने के इच्छुक हैं। अतः उक्त वर्णित मकान से संबंधित किसी भी व्यक्ति या संस्था को यदि कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना के प्रकाशित होने के 7 दिनों के अंदर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करने हेतु मो.नं. 7879576933, 9981236027 पर संपर्क करें।

अतः सूचना जानें।

**अंकुश मिश्रा**
**अधिवक्ता**
**मो.-9516000951**



**न्यायालय नायब तहसीलदार, बेलतरा जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र.//अ-6 अ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक परदेशी पिता स्व. बाबूलाल बघेल निवासी नया रेल्वे कालोनी कोरबा (छ.ग.) द्वारा ग्राम सेमरा प.ह.नं. 15 तहसील बेलतरा स्थित भूमि खसरा नम्बर 229/2 रकबा 0.0930 हे0 के आन लाईन खसरा बी-1 के कॉलम 08, अधिकार जिसके अन्तर्गत भूमि धारण की गई हो में शासकीय भूमि दर्ज हो गया है। जिसे सुधार किये जाने बाबत आंवेदन पेश किया गया है।

तद्संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा आपत्ति हो तो स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से लिखित में नियत तिथि 16.07.2025 तक दावा/आपत्ति इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। नियत समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 26.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांकः- 26.06.2025
पेशी दिनांकः- 16.07.2025

**नायब तहसीलदार,**
**बेलतरा जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**



**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पिता स्व. श्री तरवर सिंह जी ठाकुर के द्वारा भारतीय स्टेट बैंक से फोलियो न.02647962 स्व. श्री तरवर सिंह जी ठाकुर, फोलियो न. 02647963 श्रीमती स्मृता सिंह ठाकुर, फोलियो न. 02647964 श्रीमती नम्रता सिंह ठाकुर, फोलियो न. 02647965 स्व. श्री अवधेश प्रताप सिंह ठाकुर, फोलियो न0 02647966 विरेन्द्र सिंह ठाकुर तथा फोलियो न. 02647967 राघवेन्द्र सिंह ठाकुर के नाम पर क्रय किया गया था जिनके शेयर सर्टिफिकेट खो गये है। जो वर्तमान में खोजने से अप्राप्त है। अन्य किसी भी व्यक्ति, फर्म, निगम, निकाय, बैंक आदि को किसी भी प्रकार का आपत्ति या दावा हो तो इस आम सुचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर लिखित में आपत्ति या दावा कर सकते है। अवधि उपरांत दावा या आपत्ति अमान्य होगी ।

**राघवेन्द्र सिंह ठाकुर**
**पिता स्व. श्री तरवर सिंह जी ठाकुर**
**निवासी 14/413 सहगल गली विद्यानगर बिलासपुर (छ.ग)**
**मो. नं. 9826120003, 8552919907**



**न्यायालय-श्रीमान दशम अपर जिला न्यायाधीश महोदय, बिलासपुर (छ.ग.)**

**नोटिस / समंस**

केशव लाल उर्फ केशव कुमार अग्रवाल.. /आवेदक/अपीलार्थी **विरुद्ध** प्रदीप कुमार अग्रवाल वगैरह..अनावेदक/उत्तरवादीगण

प्रक.क्रमांक 63/2021/
प्रो.क्र.-414
आदेश दिनांक - 17/06/2025
पेशी ता. 28/07/2025

प्रति,

1-रानी उर्फ जुगनी अग्रवाल 2-कु.रश्मि अग्रवाल दोनों के पिता प्राणेश अग्रवाल दोनों निवासी ग्राम बंधी, व्हाया-दुर्गा मंदिर थाना व तह. पेण्ड्रा जिला गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.)

आवेदक /अपीलार्थी ने इस न्यायालय में प्रथम अपील अनावेदकगण/उत्तरवादी गण के विरुद्ध प्रस्तुत किया है, जिसकी पेशी दिनांक 28/07/2025 को नियत है। अतः इस ईश्तहार/नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि पेशी दिनांक 28/07/2025 को प्रातः 11.00 बजे स्वयं अथवा ऐसे किसी प्लीडर के साथ उपस्थित होंवे जिसे प्रकरण के संबंध में सम्यक जानकारी हो एवं आवेदक /अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील में जवाब दे सके, अन्यथा मामले में एक तरफा सुनवाई कर अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

यदि किसी कारण वश उक्त दिनांक को न्यायालय में अवकाश घोषित हो या पीठासीन अधिकार अवकाश पर हो तो अगले कार्य दिवस में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी। अस्तु सूचित हो।

आज दिनांक 26/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मोहर लगाकर जारी किया गया।

सीलः

**(आदित्य जोशी)**
**दशम जिला न्यायाधीश**
**जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
(सेन्ट्रल प्रोसेस फीस के उपयोग हेतु)



**न्यायालय-श्रीमान नवम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी बिलासपुर, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

**आम-सूचना**

मनिहार निषाद....आवेदक/वादी **विरूद्ध** श्रीमती प्रेमलता अग्रवाल वगैरह... अनावेदकगण/प्रतिवादीगण

व्य.वाद.प्रक.क्रमांक 170 ए/2025
प्रो.क्र.176, आदेश दिनाक : 23/06/2025
पेशी ता.-15/07/2025
प्रति, आम सूचना
(जो उपरोक्त प्रकरण से संबंधित हो)

आवेदक /वादी ने ग्राम दोमुहानी स्थित भूमि के संबंध में इस न्यायालय में स्थायी षेधाज्ञा हेतु अनावेदकगण /प्रतिवादीगण के विरुद्ध व्यवहार वाद प्रस्तुत किया है, जिसकी पेशी दिनांक 15/07/2025 को नियत है। अतः इस ईश्तहार/नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि पेशी दिनांक 15/07/2025 को प्रातः 11.00 बजे स्वयं अथवा ऐसे किसी प्लीडर के साथ उपस्थित होंवे जिसे प्रकरण के संबंध में सम्यक जानकारी हो एवं आवेदक /वादी द्वारा प्रस्तुत वाद का जवाब दे सके, अन्यथा मामले में एक तरफा सुनवाई कर अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

यदि किसी कारण वश उक्त दिनांक को न्यायालय में अवकाश घोषित हो या पीठासीन अधिकार अवकाश पर हो तो अगले कार्य दिवस में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी। अस्तु सूचित हो।

आज दिनांक 30/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मोहर लगाकर जारी किया गया।

सीलः

**(कु. कोनिका यादव)**
**नवम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी बिलासपुर (छ.ग.)**
(सेन्ट्रल प्रोसेस फीस के उपयोग हेतु)

## खबर संक्षेप

### युवा आगे आएंगे तभी समाज का विकास होगाः प्रहलाद



**तखतपुर।** रजककार बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद रजक का प्रथम नगर आगमन पर रेस्ट हाउस खपरी में बैठक आयोजित की गई, जिसमें अध्यक्ष ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि कि समाज के लिए युवा आगे बढ़कर आएंगे तभी समाज का विकास होगा। इस दौरान उन्होंने रजककार बोर्ड की ओर से समाज हित का कार्य करने की आश्वासन दिया। इस अवसर पर मोनू रजक, सूरज रजक, शैलेन्द्र निर्मलकर, ओमप्रकाश निर्मलकर, जीत रजक, वल्लभ रजक, दिलहरण रजक, राकेश रजक, सखाराम रजक आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम संचालन विजय रजक ने किया एवं आभार प्रदर्शन प्रमोद रजक ने किया।

### नाले की जमीन पर बेजाकब्जा ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन



**लोरमी।** नगर के मुंगेली जिला मार्ग कोतरी नाला के पास अतिक्रमण हटाने वार्ड 12 के पार्षद के नेतृत्व में वार्डवासियों ने सभी एसडीएम और ना नायब तहसीलदार सीपी सोनी को ज्ञापन सौंपकर जल्द कार्रवाई की मांग की गई। पार्षद धनंजय दुबे ने बताया कि वार्ड 12 कुंदरपारा महामाया मंदिर के पास बहने वाले कोतरी नाले के आधे हिस्से पर स्थित गौचर भूमि पर एक व्यक्ति ने बेजा कब्जा कर गोबर गैस प्लांट बना रखा है। इससे गोबर प्लांट का गंदा पानी कोतरी नाला में जाएगा। जानकारी दी गई कि गोबर प्लांट को सार्वजनिक गौचर शासकीय भूमि पर बनाया गया है। ग्रामीणों के मना करने पर अतिक्रमणकारी ने उन्हें धमकाना प्रारम्भ कर दिया, जिससे ग्रामीणों में क्षुब्ध होकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर त्वरित कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन सौंपने वालो में मुख्य रूप से पार्षद धनंजय दुबे, धन्नू साहू, मदन सिंह, कोमल तिवारी, शिवा राजपूत, रमाकांत दुबे, श्यामलाल राजपूत, गणेश निषाद, कविता, उमा, चांदनी, ज्योति, अनुसुइया, मनीता, सीता, पूजा, जगदीश, विशाल, विष्णु, राहुल, योगेश, खुमान, नोहर, विवेकानंद, महावीर, रबेल, शिवनंदन राजपूत सहित अन्य सामिल रहे।

### सेवानिवृत्त प्रधान पाठकों को दी गई विदाई



**मुंगेली।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला केशरूवाडीह के प्रधानपाठक अरविन्द कुमार शर्मा एवं शासकीय प्राथमिक शाला ठकुरीकापा के प्रधानपाठक गोविन्द प्रसाद अनंत 30 जून को अपनी अर्द्धवार्षिकी पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए। सेवानिवृत्ति के दिन कार्यालय विखं शिक्षा अधिकारी मुंगेली की ओर से कलेक्टर कुन्दन कुमार के हाथों से संबंधित शिक्षकों को पेंशन प्रमाण पत्र एवं ग्रेज्युटी भुगतान आदेश की प्रति प्रदान की गई व शाल, श्रीफल भेंट कर शिक्षकों का सम्मान किया गया। कलेक्टर ने उनके स्वस्थ्य एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। साथ ही सेवानिवृत्ति दिनांक के दिन ही पेंशन प्रमाण पत्र एवं ग्रेज्युटी भुगतान पर विखं शिक्षा अधिकारी डॉ प्रतिभा मंडलोई एवं समस्त स्टॉफ की प्रशंसा की।

### प्रेमचंद साहित्य समिति ने स्व दुबे को अर्पित की श्रद्धांजलि



**तखतपुर।** प्रेमचन्द साहित्य समिति तखतपुर की ओर से पिछले दिनों दिवंगत हुए छत्तीसगढ़ी हास्य व्यंग्य के वैश्विक प्रस्तोता पद्मश्री डॉ सुरेन्द्र दुबे को शोकसभा आयोजित कर श्रद्धांजलि दी गई। शोकसभा में अशोक ठाकुर ने कहा कि सुरेंद्र दुबे एक कवि ही नहीं थे, बल्कि वे समाज के सच्चे प्रदर्शक थे। अपनी कविता के माध्यम से लोगों को समाज में होने वाली गतिविधियों को प्रस्तुत कर जागृत करने का काम करते थे। वे विश्व में छत्तीसगढ़ की संस्कृति और साहित्यिक विधा के प्रमुख प्रतिनिधि थे। उनके निधन से साहित्य जगत में अपूर्णीय क्षति हुई है। इस अवसर पर उमर कुरैशी, हूप सिंह क्षत्री, टीडी वैष्णव, राजकुमार शर्मा, नारायण पाली, अरविंद शर्मा, दिनेश दुबे उपस्थित रहे।

### ई-ऑफिस के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जिला स्तरीय प्रशिक्षण



**मुंगेली।** शासन के निर्देशानुसार समस्त विभागों एवं कार्यालयों में ई-ऑफिस के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में कलेक्टर कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में जिला स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में समस्त शासकीय कार्य ई-ऑफिस पोर्टल के माध्यम से डिजिटल माध्यम से संपादित करने के संबंध में जानकारी दी गई। जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी देवेन्द्र राजपूत ने प्रशिक्षण में ई-ऑफिस के उपयोग, फाइल मूवमेंट, नोटशीट, सुरक्षा उपाय एवं गोपनीयता, दस्तावेज संधारण एवं अन्य प्रमुख कार्यों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

---

### संशोधित वन अधिकार पत्र जारी करने के संबंध में दिए निर्देश

# कलेक्टर ने चौपाल लगाकर बैगा परिवारों की सुनी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ गौरेला

कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी ने गौरेला विखं की सुदुर वनांचल ग्राम पंचायत आमाडोब के बैगा बसाहट कुबापारा में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ चौपाल लगाकर बैगा परिवारों की समस्याएं सुनी और पीएम जनमन योजना के तहत सभी विभागों की हितग्राही मूलक योजनाओं से संतृप्त होने की जानकारी ली। बता दें कि अचानकमार टाइगर रिजर्व क्षेत्र के प्रभावित लोरमी तहसील के विभिन्न गांवों से विस्थापित 22 बैगा परिवारों को लगभग 15 साल पहले कुबापारा में बसाया गया था। कलेक्टर ने चौपाल में सभी परिवारों को एकत्रित कर उनसे मूलभूत समस्याओं बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, राशन, आवास, जाति प्रमाण पत्र आदि समस्याओं और मांगों से संबंधित बात रखने कहा।

- स्वास्थ्य शिविर में बीपी, शुगर, एचबी की जांच व दवा वितरण

कलेक्टर ने भरत बैगा सहित सभी 22 परिवारों की मांग पर उनके वन अधिकार पत्र में लिखे मुंगेली जिले के स्थान पर गौरेला पेण्ड्रा मरवाही करने के संबंध में वन अधिकार समिति से अनुमोदन कराकर प्रस्ताव अनुविभागीय अधिकारी के पास भिजवाने जनपद सीईओ गौरेला को निर्देश दिए। इसी तरह कलेक्टर ने पक्की सड़क निर्माण, कुंआ निर्माण, भूमि समतलीकरण, सौर सुजला योजना के तहत विद्युतीकरण, फैंसिंग, नेट कनेक्टिविटी आदि का प्रस्ताव शीघ्र तैयार कर प्रस्तुत करने संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने सभी बैगा परिवारों को 3 से 6 साल के बच्चों को आंगनबाड़ी और 6 साल से उपर के बच्चों को अनिवार्य रूप से स्कूल भेजने की समझाईश दी। चौपाल में कृषि विभाग की ओर से सभी 22 बैगा परिवारों को अरहर और कोदो बीज का मिनी किट का वितरण किया गया। इस अवसर पर सरपंच आमाडोब सुरंजना आयाम, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुरेन्द्र प्रसाद वैद्य, एसडीएम ऋचा चंद्राकर, तहसीलदार शेषनारायण जायसवाल, सीएमएचओ डॉ रामेश्वर शर्मा, जनपद सीईओ शुभा दामोदर मिश्रा सहित अन्य मौजूद थे।



बैगा परिवारों की समसयाएं सुनतीं कलेक्टर।

#### स्कूल, आंगनबाड़ी छात्रावास का निरीक्षण

कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी ने गौरेला विखं के आमाडोब पंचायत के भ्रमण के दौरान प्राथमिक शाला एवं आंगनबाड़ी केंद्र छोटकीरेवार और प्राथमिक शाला, नवीन आंगनबाड़ी केंद्र एवं बालक छात्रावास आमाडोब का निरीक्षण किया। उन्होंने स्कूलों में पाठ्यपुस्तक वितरण, शिक्षकों की उपस्थिति, बच्चों की कुल दर्ज संख्या एवं उपस्थिति आदि के बारे में जानकारी ली तथा स्कूल परिसर में पेयजल, शौचालय, साफ-सफाई आदि का अवलोकन किया। उन्होंने बच्चों से पुस्तक तथा पहाड़ा पढ़वाकर उनके ज्ञान के स्तर की परख भी की। उन्होंने शिक्षकों को समर्पण भाव से पढ़ाने और पालकों से संपर्क कर बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को दी जा रही सुविधाओं, विभिन्न गतिविधियों, पोषण आदि का भी अवलोकन किया। कलेक्टर ने 50 सीटर आदर्श आदिवासी बालक आश्रम आमाडोब के शयन कक्षों, रसाई रूम का भी निरीक्षण किया। उन्होंने तैयार हो रहे मध्यान्ह भोजन एवं मेनू के अनुसार बच्चों को भोजन एवं नाश्ता दिए जाने के बारे में पूछताछ की। उन्होंने किचन शेड का निरीक्षण किया।

## अंकसूचियों में त्रुटियां, छात्रों को अगली कक्षा में प्रवेश लेने में हो रही दिक्कत

**मुंगेली।** जिले में पांचवीं और आठवीं कक्षा की अंकसूची में त्रुटि की शिकायतें आ रही हैं। परीक्षा के तीन माह बाद भी अंकसूची नहीं मिलने से बच्चे परेशान तो थे ही, उल्टा इस बार अंकसूची में त्रुटियों को लेकर उन्हें ठीक कराने में पालकों को स्कूलों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं।




पांचवी के छात्रों को छठवीं और आठवीं के बच्चों को नौवीं कक्षा में एडमिशन लेने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शिक्षा विभाग आधी-अधूरी तैयारी के साथ शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन कराने में लगा हुआ है। जहां एक ओर विद्यार्थियों को किताबें नहीं मिल पाईं, वहीं पांचवी और आठवीं के विद्यार्थियों का रिजल्ट देर से प्राप्त हुआ। अंकसूचियों में नाम, पिता का नाम सहित कई प्रकार की त्रुटियों की शिकायत पालक कर रहे हैं। ऐसे में पांचवी के छात्रों को छठवीं और आठवीं के बच्चों को नौवीं कक्षा में एडमिशन लेने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पालकों ने शिक्षा विभाग पर छात्र-छात्राओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगा रहे हैं। पालकों ने इस मामले में जांच की मांग की है। स्कूल में अंकसूची वितरण करते वक्त छात्र-छात्राओं ने गलती को पकड़ा और उसे शिक्षकों को दिखाया। छात्रों ने बताया कि उनके नाम और रोल नंबर तक गलत लिखे हैं। कई छात्रों के स्कूल और पिता का नाम भी गलत छपा मिला। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय स्तर पर पांचवीं आठवीं की परीक्षा पहली बार आयोजित हुई है। इस संदर्भ में बीईओ ने बताया कि प्रिंटिंग मिस्टेक हो सकती है। हमारी तरफ से सही जानकारी बनाकर दी गई थी।

कुछ त्रुटियां हैं, उसे ठीक कराएंगे। जल्दी से जल्दी सुधार के अंकसूची दी जाएगी और पढ़ाई में कोई दिक्कत नहीं होगी। जिला शिक्षा अधिकारी सीके घृतलहरे ने बताया कि पांचवी और आठवीं की अंकसूचियों में त्रुटियों की शिकायतें आ रही हैं। सही सलामत अंकसूचियां को बच्चों को वितरित की जा रही हैं। छोटी-मोटी त्रुटियों को जिला कार्यालय में एकत्र कर उसमें सुधार कराया जाएगा। अधिक गड़बड़ी आई है तो उस स्कूल के प्रधानपाठकों से जानकारी लेकर राज्य को भेजेंगे। इस संदर्भ में सभी बीईओ की बैठक लेकर त्रुटियों वाली अंकसूचियों को एकत्रित कर सामान्य त्रुटि को ठीक करने के लिये निर्देशित किया जाएगा।

## फास्टरपुर स्कूल में वृहद पौधरोपण कार्यक्रम



**सेतगंगा/मुंगेली।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फास्टरपुर में वृहद पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें एनएसएस इकाई के द्वारा प्राचार्य पूर्णिमा मिश्रा के निर्देशन में शालेय परिवार एपी बंजारा, कमलेश भास्कर, कविता उपाध्याय, रजनी कश्यप, नरेन्द्र काठले, भूपेन्द्र कुर्रे, पीसर्व बर्मन, अनंत सहित सभी शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं, शाला प्रबंधक सदस्य, पूर्व प्राचार्य एनडी कुर्रे, कुलेश्वर बारमते पूर्व जनपद सदस्य, नरेन्द्र जायसवाल, अखिल टोण्डर, की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रामबाबू मिश्रा ने कहा कि जिस तरह पालक अपने बच्चों को लालन पालन कर बड़ा करता है ठीक उसी प्रकार प्रत्येक बच्चे अगर एक पेड़ लगाकर संरक्षण करे तो हमें वृक्षारोपण के बहुआयामी लाभ मिल सकता है। पेड़ से हमें स्वच्छ और शुद्ध हवा के साथ-साथ फल-फूल की भी प्राप्ती होती है।

## दीया ग्रुप ने किया 12 चिकित्सकों को सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा

गायत्री परिवार युवा शाखा डिवाइन दीया की ओर से 1 जुलाई चिकित्सक दिवस एवं वृक्ष गंगा अभियान पौधरोपण कार्यक्रम के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पेंड्रा में 12 चिकित्सकों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम जिला संयोजक दीया जीपीएम कंचन सिंह के नेतृत्व में संपन्न हुआ। जिला कोषाध्यक्ष आनंद कुमार साहू, ब्लॉक समन्वयक गोलवती उइके ने सभी चिकित्सकों का सम्मान चंदन तिलक और पुष्पगुच्छ देकर किया।

मंडल की ओर से सभी चिकित्सकों को भेंट स्वरूप पौधे भी प्रदान किए गए। इस मौके पर पेंड्रा स्वास्थ्य केंद्र के प्रमुख चिकित्सक बीएमओ डॉ एआई मिंज ने कहा कि सेवा और संस्कार जीवन का महत्वपूर्ण अंग है, प्रत्येक व्यक्ति को समाज कल्याण जन कल्याण के लिए आगे आकर आदर्श स्थापित करना चाहिए। हमेशा एक दूसरे की मदद के लिए तैयार रहना चाहिए दया, करुणा ,सहानुभूति और संकल्प लेकर सेवा के मार्ग में आगे बढ़ना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन करते हुए मथुरा सोनी ने भी बताया कि 1 जुलाई का यह चिकित्सक दिवस महान चिकित्सक विधान चंद्र राय की स्मृति में मनाया जाता है, जिनका जीवन बिना स्वार्थ सेवा के मार्ग में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।

इस अवसर पर स्वास्थ्य केंद्र पेंड्रा परिसर में पौधरोपण भी किया गया,जिसमें अशोक आदि के पौधे लगाए गए। इस मौके पर दीया ग्रुप के जिला संयोजक कंचन सिंह, जिला कोषाध्यक्ष आनंद कुमार साहू, ब्लॉक समन्वयक गोलवती उइके, ओम प्रकाश बलभद्र, संरक्षक मथुरा सोनी, राम बहादुर सिंह जिला सदस्य, मूलचंद कुशराम, अंजलि पटेल, सुनीता रजक, श्वेता मिश्रा, एसके नायक शिक्षक, मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

मुख्य चिकित्सक डॉ एआई मिंज, डॉक्टर किशोर तांडी, डॉ दीक्षा उददे, डॉ रेहान अली, डॉ स्वप्निल सिंह, आयुर्वैदिक आयुष विभाग से डॉक्टर वागीशा मेहर, डॉ शिवेंद्र त्रिपाठी एवं डॉ पारस जैन, डॉ आशुतोष पाठक, डॉ कामना पाठक, डॉ विनायक कोसले, डॉ धर्मवीर मरकाम आदि का सम्मान किया गया।



चिकित्सकों को सम्मानित करते अतिथि।

## सम्मान समारोह आयोजित कर बेदी को दी गई विदाई




**पथरिया।** शिक्षा क्षेत्र में चार दशकों तक अपने समर्पण और सेवा से छात्रों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने वाले वरिष्ठ शिक्षा अधिकारी पीएस बेदी के सेवानिवृत्त होने पर विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह समारोह शैक्षिक समन्वयक संघ के तत्वावधान में आयोजित हुआ। इस मौके पर सहायक विखं शिक्षा अधिकारी रविपाल राठौर, मुंगेली विखं समन्वयक सूर्यकांत उपाध्याय, एनआर ध्रुव, अशोक यादव, मोहित खांडेय सीएसी संघ अध्यक्ष एवं बल्दाऊ कौशिक ने संबोधित किया। इस अवसर पर पीएस बेदी को अभिनंदन पत्र, शाल, श्रीफल और मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही सूर्यकांत उपाध्याय को भी मुंगेली विखं स्थांतरित होने पर शाल, श्रीफल और मोमेंटो भेंट कर विदाई दी गई। अभिनंदन पत्र का वाचन वरिष्ठ सीएसी भगवती प्रसाद मिश्र ने किया। कार्यक्रम का संचालन अमित गेन्दले व आभार प्रदर्शन महेंद्र ठाकुर ने किया।

## रक्षित केंद्र में पौधरोपण कर दिया गया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**मुंगेली।** रक्षित केन्द्र में जिले के वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों ने सामूहिक रूप से पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण संदेश दिया। कलेक्टर कुन्दन कुमार, पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल, वनमण्डलाधिकारी अभिनव कुमार, अतिरिक्त कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय सहित प्रशासन एवं पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी-कर्मचारी ने अपनी माताओं के नाम पौधा रोपित कर पर्यावरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाया।

कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने आमजन से इस अभियान में सक्रिय सहभागिता की अपील करते हुए कहा कि एक पेड़ मां के नाम सिर्फ एक अभियान नहीं, बल्कि भावनात्मक और सामाजिक जिम्मेदारी का प्रतीक है। प्रत्येक व्यक्ति यदि एक पौधा लगाकर उसका संरक्षण करे तो आने वाली पीढ़ियों के लिए एक हरा-भरा भविष्य सुनिश्चित किया जा सकता है। जिला पंचायत सीईओ ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा वृक्षारोपण महा-अभियान के तहत पूरे जिले में 04 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसकी औपचारिक शुरुआत 05 जुलाई 2025 को की जाएगी। इस अभियान के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत चयनित हितग्राहियों के आवास परिसरों में करीब 01 लाख पौधे रोपित किए जाएंगे।

## नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाले को आजीवन कारावास

**गौरेला।** परिचित के घर आए युवक ने 12 साल के नाबालिग बच्चे के साथ अप्रकृतिक कृत्य की घटना को अंजाम दिया था। मामले में अब आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। दरअसल पूरा मामला 18 फरवरी 2025 को पेंड्रा थाना क्षेत्र के मटियाडांड़ गांव का है, जहां एक परिवार के घर युवक आया था। रात को खाना खाने के बाद सभी लोग सो गए तो सोनू चौधरी पिता पहलवान चौधरी 28 साल ने अपने साथ सो रहे 12 साल के नाबालिग बालक के साथ अप्राकृतिक कृत्य की घटना को अंजाम दिया। बालक ने रोते हुए परिजनों को घटना की पूरी जानकारी दी एवं परिजनों ने 112 को फोन पर घटना की सूचना दी। परिजनों की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया। मामले में घटना के महज 132 दिनों के भीतर फैसला सुनाते हुए विशेष अपर सत्र न्यायधीश ज्योति अग्रवाल ने आरोपी सोनू चौधरी को पॉक्सो एक्ट 2012 की धारा 3-क सहपठित धारा 4-2 के तहत आजीवन कारावास और एक हजार रूपए के अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड की चूक पर आरोपी को एक माह के अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा भुगतनी होगी। इस मामले में शासन के ओर से पैरवी विशेष अतिरिक्त लोक अभियोजक कौशल सिंह ने की। वहीं मामले में पीड़ित को समुचित प्रतिकर क्षतिपूर्ति के लिए सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर से अनुशंसा की गई।

## नपा क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए 41 करोड़ से अधिक की स्वीकृति

**मुंगेली।** नगर पालिका परिषद मुंगेली को हाल ही में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा नगर के सर्वांगीण विकास के लिए 41 करोड़ रुपये से अधिक की स्वीकृति प्रदान की गई है। उप मुख्यमंत्री अरुण साव द्वारा नगर प्रवास के दौरान घोषित यह स्वीकृतियां नगर के कायाकल्प की दिशा में मील का पत्थर साबित होंगी। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने बताया कि स्वीकृत कुल 17 विकास कार्यों में से अधिकांश कार्य प्रारंभ होने की स्थिति में हैं और वर्ष 2025 के अंत तक मूर्त रूप ले लेंगे। इन कार्यों के पूर्ण होने पर नगर की भव्यता, सुविधा और सौंदर्य में अभूतपूर्व वृद्धि होगी।

नगर की सड़कों के सौंदर्यीकरण एवं आगंतुकों के स्वागत हेतु गौरव पथ उन्नयन कार्य के लिए 5.05 करोड़ रुपये तथा नांदघाट रोड, लोरमी रोड, बिलासपुर रोड, पंडरिया रोड एवं नवागढ़ रोड पर स्वागत द्वार निर्माण हेतु 3.71 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है। कार्य पूर्ण होने के पश्चात नगर की भव्य छवि आगंतुकों को आकर्षित करेगी। शहरवासियों को स्वास्थ्य और मनोरंजन की बेहतर सुविधाएं देने हेतु अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप स्विमिंग पूल का निर्माण 05.70 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा, जिसके लिए निविदा प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। वहीं बुधवारी बाजार का उन्नयन कार्य 01.80 करोड़ एवं पुष्प वाटिका निर्माण कार्य 1.95 करोड़ रुपये की लागत से शुरू किया जा चुका है, जिससे नगर का स्वरूप और अधिक सुंदर एवं सुव्यवस्थित होगा।




### सरकार का सुशासन मात्र बेनर-पोस्टरों में, धरातल पर जनता बेहालः उत्तम

## 6 सूत्रीय मांगों को लेकर कांग्रेस ने किया कलेक्ट्रेट का घेराव, सौंपा ज्ञापन

**गौरेला।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष उत्तम वासुदेव के नेतृत्व में जिला कांग्रेस कमेटी ने 6 सूत्रीय मांगों को लेकर सेमरा तिराहे पर धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर कार्यालय का घेराव करने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने बैरिकेड्स लगाकर उन्हें रोक दिया। इस दौरान कांग्रेसियों और पुलिस के बीच तीखी झड़प और धक्का-मुक्की भी हुई।

जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता सेमरा तिराहे पर एकत्र हुए और अपनी मांगों को लेकर जोरदार नारेबाजी की। कलेक्ट्रेट पहुंचकर ज्ञापन सौंपने की योजना के तहत कार्यकर्ता आगे बढ़े एवं उन्होंने पुलिस के लगाए गए बैरिकेड्स को तोड़ने का प्रयास किया। लेकिन पुलिस ने आधे प्रदर्शनकारियों को कलेक्ट्रेट पहुंचने से रोक दिया, जिसके बाद स्थिति तनावपूर्ण हो गई। पुलिस और कांग्रेस नेताओं के बीच धक्का-मुक्की और तीखी नोकझोंक देखने को मिली। प्रदर्शन में मुख्य रूप से पेंड्रा बाईपास निर्माण, खाद-बीज की समस्या का समाधान, अघोषित बिजली कटौती पर रोक, जिला अस्पताल में सुधार, शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण और स्कूल बंदी सहित 67 नई शराब दुकानों को खोलने के फैसले के विरोध पर ज्ञापन सौंपा गया। प्रदर्शन के बाद कांग्रेस नेताओं ने छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रामेन डेका के नाम अनुविभागीय दंडाधिकारी (एसडीएम) को ज्ञापन सौंपा, जिसमें उपरोक्त मांगों को पूरा करने की मांग की गई। खाद की किल्लत और कालाबाजारी पर भड़के जिला अध्यक्ष उत्तम वासुदेव ने आरोप लगाया कि सहकारी समितियों में समय पर खाद नहीं मिल रही है, जिससे किसान मजबूरी में निजी दुकानों से कई गुना ज्यादा दामों पर खाद खरीदने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि सरकार खाद की आपूर्ति में नाकाम रही है, जिससे किसानों की लागत बढ़ रही है और वे आर्थिक रूप से टूट रहे हैं। पूर्व विधायक के के ध्रुव ने कहा जिला अस्पताल में आये दिन अव्यस्था देखी जाती है समय पर मरीजों को इलाज नहीं मिल पाता जिला अस्पताल सिर्फ रिफर सेंटर बन कर रह गया।




प्रदर्शन में शामिल कांग्रेसजन।

## शिव सेना निरंतर हिंदुत्व के लिए कार्य कर रही : झा



**लोरमी।** शिवसेना प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार के आदेशानुसार एवं लोरमी विधान सभा प्रभारी राम लला श्रीवास, ब्लॉक अध्यक्ष दीपक श्रीवास के द्वारा लोरमी विधानसभा के खुड़िया ग्राम में समस्त शिवसैनिकों की बैठक रखी गई। बैठक में लगभग 110 से 120 लोगों ने शिवसेना की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव सुनील कुमार झा एवं सतीश पांडे वरिष्ठ शिवसैनिक ने कहा कि शिव सैनिक निरंतर समाज में हिंदुत्व के लिए कार्य कर रही है, इसी से प्रभावित होकर कार्यकर्ताओं ने होकर शिवसेना की सदस्यता ग्रहण की। इसमें मुख्य रूप से रोमेश शर्मा नगर महासचिव बिलासपुर और मुकेश निर्मलकर जोन प्रभारी मस्तूरी, जिलाध्यक्ष सनत पटेल मुंगेली जिला प्रभारी मुंगेली रमेश राजपूत ने नारे लगाए।कार्यक्रम का संचालन रमेश राजपूत ने किया एवं आभार प्रदर्शन रामलला श्रीवास ने किया।

## खबर संक्षेप



### करंट की चपेट में आकर झुलसा ग्रामीण

**बिलासपुर।** राइस मिल में काम करने के दौरान करंट की चपेट में आकर ग्रामीण झुलस गया है। उसे इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। बिल्हा निवासी कुमार बाबू पिता चंद्रभान ने बताया, वह बिल्हा शराब दुकान के पास स्थित एक राइस मिल में काम करता है। बुधवार को मिल में काम करने दौरान वह करंट की चपेट में आ गया। कर्मचारियों के द्वारा मशीन बंद कर बाहर निकाला गया। सूचना पर डायल 112 के द्वारा उन्हें इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है।

### जमीन विवाद में पिता पुत्र के साथ मारपीट

**बिलासपुर।** जमीन विवाद में पिता पुत्र के साथ जमकर मारपीट की गई है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, जरहाभाठा कस्तूरबानगर निवासी ओम यादव पिता संतोष यादव ने रिपोर्ट लिखाई। उनके पिता व बुआ के बीच जमीन बंटवारा को लेकर विवाद चल रहा है। उसी रंजिश में 1 जुलाई को दोपहर 12 बजे उनकी बुआ अंजली यादव, फूफा आशीष यादव एवं उसके साथी घर के सामने आकर उसी बात को लेकर विवाद करने लगे। उन्होंने मना किया तो कुकर, प्लास्टिक की पाइप से ओम यादव व उसके पिता के साथ जमकर मारपीट की गई है। पुलिस ने ओम यादव की रिपोर्ट पर जुर्म दर्ज कर लिया है।

### ओडिशा से कार में गांजा लेकर आ रहा युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** ओडिशा से गांजा लेकर आ रहे एक युवक को पुलिस ने पकड़ लिया। उसके पास से 20 किलो गांजा जब्त किया गया है। पुलिस ने युवक को गिरफ्ता कर लिया है। मस्तूरी टीआई हरीशचंद्र टाण्डेकर को सूचना मिली कि एक युवक कार में ओडिशा बरगढ़ से गांजा लेकर रिलया से होकर गनियारी की ओर जा रहा है। उन्होंने रलिया मोड़ पर घेराबंदी कर कार क्रमांक सीजी 10 बीक्यू, 9133 को रोककर पंधी निवासी नीरज वर्मा उर्फ मोनू पिता दिनेश वर्मा 20 साल को पकड़ लिया। कार की तलाशी लेने पर अलग अलग पैकेट में 20 किलो गांजा मिला। पूछताछ में नीरज वर्मा ने गनियारी निवासी विनोद वर्मा के द्वारा गांजा मंगाना बताया गया। पुलिस ने विनोद वर्मा के तलाश में जुट गई है।

### समिति के नियमों में फेरबदल, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** बक्सर राजपूत क्षत्रिय समाज छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष पर समिति की मूल दस्तावेज से छेड़छाड़ कर कूटरचना कर समिति पर कब्जा करने की कोशिश करने वाले के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, नेहरू नगर निवासी पुहकल सिंह ठाकुर ने रिपोर्ट लिखाई। उन्होंने अप्रैल 2012 को बक्सर राजपूत क्षत्रिय समाज समिति का पंजीयन रायपुर से कराया था। मूल पंजीयन दस्तावेज में उन्हें अध्यक्ष, रोहन सिंह को महासचिव और सुभाष सिंह को कोषाध्यक्ष के रूप में नामित किया गया था। नियमावली के सभी पन्नों पर इनके हस्ताक्षर भी मौजूद है।

**जवाली नाले पर हुए अवैध निर्माण का मामला** | गुरुवार को फिर से होगी नापजोख, तीन लोगों ने दायर की थी हाईकोर्ट में याचिका

# सीमांकन के लिए दिन भर पाइंट खोजती रही, एक इंच भी काम नहीं, वापस लौटी टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जवाली नाले पर हुए अवैध निर्माण को लेकर नगर निगम और राजस्व की टीम एक बार फिर मौके पर पहुंची और सीमांकन की कोशिश की गई। दिन भर की मशक्कत के बाद टीम में शामिल सदस्य सीमांकन का पाइंट ही नहीं खोज पाए। दोपहर बाद शुरू हुई इस प्रक्रिया में एक भी इंच की नाप नहीं हो सकी और इसे बाद के लिए टाल दिया गया।

ज्ञात हो कि निगम ने जवाली नाले पर बनाए गए कब्जों तोड़ने के लिए मार्किंग की है। इसमें तीन लोगों अरूण बोलर, लक्ष्मी सोनी और राजकुमार मिश्रा के भी कब्जे शामिल हैं। इन तीनों ने इसी मार्किंग और तोड़फोड़ के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। याचिका पर फैसला देते हुए हाईकोर्ट ने निगम और राजस्व विभाग को सीमांकन करने का आदेश दिया था। ध्यान रहे कि ज्वाली पुल पर बनी सड़क पर सालों से कब्जा कर दुकानें और काम्प्लेक्स बना लिए गए हैं। लगातार शिकायतों के बाद निगम ने दो बार सीमांकन कराया। सीमांकन के दौरान 30 के करीब कब्जे उजागर होने के बाद भी प्रभावशाली लोगों के अवैध निर्माण आज भी जस के तस खड़े हैं। इतना ही नहीं कुछ स्थानों पर तो इन अवैध निर्माणों का काम और तेजी से जारी है। हाल यह है कि जवाली नाले की सड़क के किनारे बने अवैध कमर्शियल काम्प्लेक्स, नजूल भूमि पर हुए कब्जे, और नक्शे के विपरीत खड़ी की गई इमारतें सभी पर निगम की जानकारी होने के बावजूद ठोस कार्रवाई नहीं हो रही। निगम की पक्षपातपूर्ण कार्रवाई को लेकर गंभीर सवाल भी उठ रहे हैं।

### 3 मीटर तक अतिक्रमण किया गया

ध्यान रहे कि कुछ अवैध कब्जों पर कार्रवाई करते हुए निगम ने बुलडोजर चला दिया, लेकिन अन्य प्रभावशाली लोगों के निर्माणों पर कार्रवाई रोक दी गई। आरोप लग रहे हैं कि निगम प्रशासन रसूखदारों के दबाव में काम कर रहा है। इससे पहले सीमांकन के दौरान नगर निगम व राजस्व विभाग की टीम ने 2 से 3 मीटर तक अतिक्रमण व अवैध निर्माण पर मार्किंग की थी। कई कब्जाधारियों ने तो नाले की बाउंड्री से लेकर बिल्डिंग तक की करीब 3.9 मीटर जमीन और उससे आगे की 11 मीटर जमीन, जो कि नजूल की है, उसे भी कब्जे में ले लिया गया है।



नगर निगम व राजस्व की टीम सीमांकन करते हुए।

### कुछ अतिक्रमण 7 फीट तक किए गए

ज्ञात हो कि नगर निगम और राजस्व विभाग ने एक माह पहले जवाली नाले के दोनों ओर सीमांकन कर अवैध कब्जों की लिस्ट तैयार की थी। इस कार्रवाई में सामने आया कि कई लोगों ने 3 से लेकर 7 फीट तक नाले की जमीन पर अतिक्रमण कर लिया है। कुछ ने तो नजूल भूमि को भी नहीं छोड़ा। निगम ने सीमांकन के बाद मकानों और दुकानों पर मार्किंग भी की थी। जिनका कब्जा निकल रहा है, उनमें से कई लोगों को नोटिस जारी किया गया था। अब निगम ने हाईकोर्ट के आदेश पर बुधवार को सीमांकन किया जो कि अधूरा रहा।

**बरसते पानी में रैली के रूप में मंगला घाट पहुंचे कांग्रेसजन**

# रेत की कीमत सहित अवैध उत्खनन भंडारण, अरपा में किया जल सत्याग्रह



सेंदरी अरपा रेत घाट पर जल सत्यग्रह करते कांग्रेसी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रेत माफिया सहित रेत की महंगी कीमत सहित अवैध उत्खनन, भंडारण के खिलाफ एवं रियायती दर पर रेत उपलब्ध कराने की मांग को लेकर बुधवार को कांग्रेस ने अरपा नदी में जल सत्याग्रह किया। मंगला का पाट बाबा सहित अवैध रेत घाट रेत माफिया के लिए जाना पहचाना नाम है। यहां दिन-रात रेत की अवैध खोदाई चल रही है। माफिया का आतंक इतना कि सबकुछ जानने के बाद भी ग्रामीण शिकायत करने से डरते हैं।

बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष विजय केशरवानी की अगुवाई में कांग्रेस के कार्यकर्ता एवं मंगला के ग्रामीणों ने बरसते पानी में मंगला चौक से पाट बाबा रेत घाट तक पांच किलोमीटर पदयात्रा की। पदयात्रा के बाद अवैध रेत घाट में उतरकर जल सत्याग्रह किया। इस दौरान विजय ने जिला प्रशासन को रेत माफिया पर अंकुश लगाने व जगह-जगह डंप किए गए रेत की जब्ती बनाने की मांग की। जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजय केशरवानी ने ग्रामीणों व कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में भवन निर्माण सामग्रियों के दाम पहले से ही सरकार ने तय कर दिया है, जिसमें छड़, सीमेंट व ईंट के दाम प्रमुख है। अचरज की बात है कि राज्य सरकार और जिला प्रशासन ने रेत के दाम तय नहीं किया है, जिसका फायदा रेत माफिया उठा रहे हैं। बारिश के दिनों में औने-पौने दाम पर बेचते हैं। रेत घाटों पर प्रदेशभर में रेत की खोदाई पर प्रतिबंध लगा हुआ है। इसके बाद भी माफिया रेत की खोदाई कर रहे हैं। इस पर सख्ती के साथ अंकुश लगाने की मांग की है। उनका कहना है कि रेत माफियाओं पर जल्द अंकुश लगाया जाए और रेत की कीमत तय की जाए। कीमत भी ऐसी कि अपना आशियाना बनाने का सपना देख रहे आम आदमी के बजट के अनुरुप सहजता के साथ उपलब्ध हो जाए।

### जब्त रेत जरुरतमंदों को रियायती दर पर मिले

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय केशरवानी ने कलेक्टर संजय अग्रवाल व राज्य शासन से मांग की है कि खनिज विभाग, जिला व पुलिस प्रशासन द्वारा जब्त किए जा रहे रेत को जरुरतमंदों को रियायती दर पर उपलब करा दी जाए। इससे लोगों को कम दाम पर रेत मिल जाएगा और वे अपना रूका काम पूरा कर सकेंगे। इससे माफियाओं की मंशा भी धरी की धरी रह जाएगी। आज के जल सत्याग्रह में जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजय केशरवानी, राजेंद्र साहू, भुनेश्वर यादव, स्वप्निल शुक्ला, झगरराम सूर्यवंशी, विनोद साहू, जावेद मेमन, अनिल यादव, संध्या तिवारी, शिल्पी तिवारी, भारत कश्यप, अंजू सोनी, सावित्री सोनी, लक्ष्मी गंवाई, पवन साहू, सुनील सोनकर, मोहन श्रीवास, पुष्पेन्द्र साहू, हिमांशु कश्यप, रूपनारायण बच्छ, सुजीत यादव, बबली ख़ान, अशोक तिवारी, नीरज सोनी, मनीष गढ़ेवाल, हितेश देवांगन, भागीरथी यादव, रामप्रकाश साहू, साखन दर्वे आदि उपस्थित थे।

### शंख बजाकर किया आगाज

जल सत्याग्रह आंदोलन की खासियत यह रही कि इसकी शुरूआत शंख फूंककर किया गया। पंडित की मौजूदगी में शंख फूंका गया। शंखनाद सोई हुई सरकार और जिला प्रशासन को जगाने के लिए किया गया। इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजय केशरवानी ने भी सरकार को नींद जगाने शंख बजाया।

**आवास निर्माण के लिए रियायती दरों पर खरीद सकेंगे गरीब हितग्राही**

# लावारिस हालत में जब्त की गई रेत से प्रधानमंत्री आवास बनाने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

खनिज विभाग द्वारा जिले में संचालित अवैध भंडारणों से लावारिस हालत में जब्त की गई रेत से प्रधानमंत्री आवास बनाने की तैयारी की जा रही है। इसके अंतर्गत दो तरह की व्यवस्था की जाएगी। पकड़ी गई रेत यदि ग्रामीण क्षेत्र के भंडारण केंद्र की है, तो उसके आबंटन के लिए संबंधित जनपद के सीईओ को रायल्टी पर्ची जारी की जाएगी, जिसे सिर्फ आवास निर्माण के लिए हितग्राहियों को बाजार मूल्य पर बेचा जा सकेगा। इसी तरह शहरी क्षेत्र के भंडारण केंद्र से रेत उठाव के लिए आयुक्त नगर निगम को बाजार मूल्य पर रायल्टी पर्ची जारी की जाएगी।



■ ग्रामीण क्षेत्र के मामलों में संबंधित जनपद सीईओ को जारी होगी रायल्टी पर्ची

प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत अपना घर बनाने वाले ग्रामीणों के लिए यह एक अच्छी खबर हो सकती है। आवास निर्माण के लिए रेत अब उन्हें सस्ती दरों पर मिल सकेगी। हालांकि सस्ती दरों पर रेत का मिलना उपलब्धता पर निर्भर करता है। कलेक्टर के निर्देशानुसार बीते दिनों खनिज टास्क फोर्स द्वारा रेत के अवैध खनन, परिवहन व भंडारणों पर लगातार कार्रवाई कर रेत माफियाओं की कमर तोड़ी गई थी। इसी कार्रवाई में अवैध भंडारणों के ऐसे मामले जिनमें रेत मालिकों का पता नहीं चला और खनिज विभाग को अज्ञात का प्रकरण दर्ज करना पड़ा है। इस तरह के प्रकरणों से प्राप्त रेत को अब प्रधानमंत्री आवास निर्माण में बाजाार कीमत पर हितग्राहियों को उपलब्ध कराया जाएगा। विभाग के अनुसार आवास के हितग्राहियों को 930 रूपए प्रति ट्रेक्टर की दर पर रेत उपलब्ध कराई जा सकेगी। इसके लिए जनपद सीईओ को रायल्टी पर्ची उपलब्ध करा दी जाएगी, जिससे वे संबंधित हितग्राही को रेत उपलब्ध करा सकेंगे। इसी तरह शहरी क्षेत्रों के अवैध भंडारणों में बनाए गए अज्ञात के प्रकरणों से रेत के उपयोग के लिए नगर निगम आयुक्त व जोन कमिश्नरों को बाजार मूल्य पर रायल्टी पर्ची देने की योजना बनाई गई है। इस रेत का उपयोग नगर निगम क्षेत्र में संचालित विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए किया जा सकेगा।

### रायल्टी पर्ची जारी करने की योजना

ग्रामीण क्षेत्रों में अज्ञात में बनाए गए अवैध रेत भंडारण से बाजार कीमत पर सिर्फ आवास निर्माण के लिए सीईओ जनपद को एवं शहरी क्षेत्रों के बेनामी अवैध भंडारणों से आयुक्त नगर निगम को बाजार कीमत पर रायल्टी पर्ची जारी करने की योजना बनाई गई है। इस संबंध में कलेक्टर से चर्चा की गई है, उनकी स्वीकृति मिलते ही इसे अमल में लाया जाएगा।

**-रमाकांत सोनी**, जिला खनिज अधिकारी

### दो साल में अवैध भंडारणों के 24 मामले, 13 लाख पेनाल्टी

जिले में पिछले दो सालों में अवैध रेत भंडारणों के 24 मामलों में 13 लाख 30 हजार 640 रूपए की पेनाल्टी वसूल की गई है। इसके अंतर्गत वर्ष 2023-24 में 9 मामले दर्ज कर 5 लाख 78 हजार 280 रूपए की पेनाल्टी वसूली गई। इसी तरह 2024-25 में दर्ज किए गए 15 मामलों में 7 लाख 52 हजार 360 रूपए की पेनाल्टी वसूल की गई है।

## नूतन चौक कांप्लेक्स की 11 और महिला समृद्धि बाजार की 57 दुकानों का आबंटन निरस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दुकान की ऊंची बोली लगाकर आबंटन राशि जमा नहीं करने वाले नूतन चौक स्थित कांप्लेक्स के 11 दुकानों के आबंटन को निगम द्वारा निरस्त कर दिया गया है। इसी तरह गणेश चौक स्थित महिला समृद्धि बाजार के 57 ऐसे बकायादार जिन्होंने वर्षों से किराया नहीं पटाया है, उनके दुकानों के आबंटन को भी निरस्त किया गया है। निगम कमिश्नर अमित कुमार ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बताया कि इन दुकानों का नए सिरे से आबंटन किया जाएगा।

दरअसल नूतन चौक स्थित आबंटित इन सभी दुकान के आबंटन पाने वालों को निगम ने कई बार पत्र, स्मरण पत्र और नोटिस जारी आबंटन राशि जमा करने को कहा लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया।

### दो साल पहले इन दुकानों का आबंटन हुआ था

दो साल पहले जब इन दुकानों का आबंटन हुआ था तो बोली लगाई गई थी। कई दुकानें 60 लाख से लेकर 80 लाख तक में बिकी थीं। उस दौरान दुकान लेने वालों ने एफडीआर राशि तो जमा की लेकिन आबंटित राशि जमा नहीं की गई। जिसके बाद यह अब यह कार्रवाई की गई। इसी तरह महिला समृद्धि बाजार में कुल 82 दुकाने हैं जिन्हें 2008-09 में आबंटित किया गया था। जिनमें से 57 दुकानों का किराया बकाया था। इन सभी को भी कई बार नोटिस जारी कर किराया जमा करने के लिए नोटिस जारी किया गया था लेकिन ना तो जवाब दिया गया ना ही राशि जमा की गई।

## उधार की रकम वापस मांगने पर मां बेटे को मारा चाकू

**बिलासपुर।** उधार की रकम वापस मांगने पर मां ने सब्जी काटने के चाकू से बेटे के पेट पर हमला कर दिया और बड़े भाई ने हाथ मुक्का से मारपीट की है। पुलिस ने हमलावर मां बेटे के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, मुरूम खदान महामाया आईटीआई के पीछे रहने वाली परमीला यादव ने रिपोर्ट लिखाई। 1 जुलाई की शाम 5.30 बजे उनका पति बैजनाथ यादव अपने बड़े भाई केदारनाथ को देएि उधारी की रकम 6 हजार रुपए वापस मांगने गया था। इससे उनकी सास विमला ने विवाद करते हुए सब्जी काटने के चाकू से उनके पेट में हमला कर दिया और जेठ केदारनाथ ने हाथ मुक्का से मारपीट की है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर हमलावर मां बेटे के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### टिन का छज्जा निकालकर जूता दुकान में चोरी

**बिलासपुर।** टिन निकालकर जूता दुकान के गल्ले से 35 हजार रुपए नकद चोरी कर लिया गया है। पुलिस चोरों की पतासाजी में जुट गई है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, अज्ञेय नगर निवासी जितेन्द्र किशनानी पिता विधाराम किशनानी मुंगेलीनाका शेफर्ड स्कूल के सामने जूता दुकान चलाते हैं। 29 जून की रात वे दुकान बंद कर घर चले गए थे। देर रात चोरों ने दुकान के छत की टिन का छज्जा उखाड़कर फाल सिलिंग तोड़कर अंदर घुस गए और गल्ले में रखा 35 हजार रुपए नकद चोरी कर उसी रास्ते से भाग गए। 30 जून को दुकान खोलने पर चोरी की जानकारी हुई। पूर्व में भी उनकी दुकान में डस्टिंग के रास्ते दुकान के अंदर घुसकर चोरी हो चुकी है।

### युवक से मारपीट, 3 गिरफ्तार

**बिलासपुर।** शराब के लिए पैसा नहीं देने पर युवकों ने एक युवक के साथ जमकर मारपीट कर दी थी। पुलिस ने 3 हमलावरों को गिरफ्तार कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, चिंगराजपारा निवासी उमेद राम साहू पिता भकला साहू 55 साल 30 जून की रात 10.30 बजे नगोई उरेहापारा से अपनी बाइक से वापस आ रहे थे। बिजौर के पास तीन युवकों ने जबरिया उन्हें रोककर शराब पीने के लिए पैसा मांगे। मना करने पर जमकर मारपीट कर दी थी। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 126, 2, 119, 1, 296, 115, 2, 351, 2, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर हमलावर रामायण चौक बहतराई निवासी तुषार उर्फ लक्की यादव पिता कृष्ण कुमार यादव 20 साल, प्रहलाद यादव पिता बिसराम यादव 18 साल, सूरज यादव पिता जनकराम साहू 21 साल को गिरफ्तार कर लिया है।

## डिवाइडर पर मिली युवक की लाश

**बिलासपुर।** सिविल लाइन थाने के करीब डिवाइडर पर एक युवक की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। बीमारी से मृत्यु होने की संभावना जताई जा रही है। रात में उसे पुलिसकर्मियों ने नहीं सोने की हिदायत दी, फिर भी वह डिवाइडर पर सो गया था।

सिविल लाइन सीएसपी निमितेश सिंह परिहार ने बताया, 2 जुलाई की सुबह सत्यम चौक के पास डिवाइडर में एक युवक मृत मिला है। सूचना पर पुलिस मौके पर जाकर जांच की तो उसके जेब में आधार कार्ड मिला, जिससे की पहचान दुर्ग पद्मनाभपुर निवासी दुर्गेश दास पिता विशाल दास 40 साल के रूप में पहचान हुई। पुलिस ने फोन के माध्यम से परिजन से संपर्क किया तो जानकारी दी गई मृतक पूर्व में बिलासपुर सत्यम चौक



क्षेत्र में एक होटल में काम करता था और उसे टीबी एवं लीवर संबंधी गंभीर बीमारी थी। 1 जुलाई की रात वह डिवाइडर पर शर्ट निकालकर बैठा हुआ था। गश्त पर निकली पुलिस टीम द्वारा पूछताछ की गई थी। पूछने पर उसने बताया कि वह मच्छर भगाने के लिए शर्ट का उपयोग कर रहा है। पुलिस द्वारा उसे घर जाने की समझाइश दी गई, जिस पर वह वहां चला गया था। किन्तु कुछ समय पश्चात पुनः उसी स्थान पर लौट आया था। उसके शरीर पर कोई चोट के निशान नहीं पाए गए हैं।

### घर में घुसकर युवती से अनाचार, युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** घर मे युवती से अनाचार करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। हिर्री पुलिस के अनुसार, क्षेत्र की रहने वाली एक 22 वर्षीय युवती घर में अकेले थी। इसका फायदा उठाते हुए सरसेनी निवासी मुकेश कुमार जगत पिता छोटे लाल जगत 22 साल घर में घूसकर जबरदस्ती उनके साथ अनाचार कर भाग गया। पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

**युवक से धोखाधड़ी का मामलाः रायगढ़ के सिटी कोतवाली थाने में दर्ज किया गया था मामला**

# सिम्स के डॉ. बंजारे गिरफ्तार, रायगढ़ पुलिस की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिम्स के डेमांस्ट्रेटर डॉ. संजय बंजारे और उनकी पत्नी के विरूद्ध हुए एफआईआर के मामले में रायगढ़ पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस आरोपी पति डा. बंजारे को गिरफ़्तार कर रायगढ़ ले गई है।

मामला रायगढ़ के कोतवाली थाना क्षेत्र का है। रेलवे बंगालीपारा निवासी चंदन सिंह ने जरहाभाठा निवासी व सिम्स के डेमांस्ट्रेटर पद पर पदस्थ डॉ. संजय बंजारे व उनकी पत्नी पल्लवी मिश्रा बंजारे के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया था। उसने बताया था कि उनकी मुलाकात 2024 में हुई थी। डॉ. बंजारे ने मठपुरैना धरसींवा रायपुर में खसरा नंबर 202/337 रकबा 1250 वर्गफीट जमीन और 850 वर्गफीट में बने घर का सौदा किया था। 47 लाख रूपए में सौदा होने के बाद युवक ने 15 लाख 50 हजार का भुगतान कर दिया। यह राशि




नगद, ऑनलाइन और चेक के माध्यम से दी गई और 4 माह बाद रजिस्ट्री करने की बात कही गई। लेकिन समय बीतने के बाद भी बंजारे दंपती ने जमीन की रजिस्ट्री नहीं की है। इसके बाद युवक को पता चला कि उसी जमीन का सौदा तीन और लोगों से भी किया गया है। ऐसे में युवक ने दंपती से रुपए वापस मंगाने हुए दबाव बनाया, लेकिन दंपती ने उसे ही झूठे केस में फंसाने की धमकी दी, उसके बाद पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराई।

### चेक हो चुका है बाउंस

डॉ. दंपती ने मामले को दबाने का प्रयास किया। चंदन ने 27 अप्रैल 2025 को फिर से अपने रुपए मांगे तो डॉ. संजय ने बिलासपुर के दयालबंद बुलाया और आईसीआईसीआई बैंक का 15 लाख रुपए का चेक दिया, जिसे चंदन ने 3 मई को रुपए बैंक में जमा किया और चेक बाउंस हो गया। पुलिस ने मामले में आरोपी दंपति के विरूद्ध धारा 3 (5)-बीएनएस, 318(4)-बीएनएस के तहत अपराध कायम कर मामले को विवेचना में लिया था।

### रायगढ़ पुलिस ने की गिरफ्तारी

रायगढ़ की पुलिस बिलासपुर आई थी आरोपी संजय बंजारे को गिरफ्तार किया गया है बिलासपुर के सिविल लाइन थाने में रोजनामचा भी दर्ज किया गया है।

**-एस आर साहू**, टीआई, सिविल लाइन

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour

25 जुलाई, 14 अगस्त, 11 सितंबर, 3 अक्टूबर,
13 नवंबर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान),
राशिः-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411